CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 94 | जयपुर, गुरूवार 23 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162



# शेखावाटी को मिलेगा यमुना का पानी, 32000 करोड रुपए के प्रोजेक्ट की बन गई डीपीआर, कांग्रेस ने हमेशा सैनिकों के बलिदान का अपमान किया : भजनलाल शर्मा

**चूरू में खेल स्टेडियम में लेफ्टिनेंट जनरल संगत सिंह की मूर्ति का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया अनावरण, ऐतिहासिक कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, सिक्किम के राज्यपाल और माथुर, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत, स्थानीय विधायक हरलाल सहारण, रामगोपाल सुथार, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया सहित पार्टी के संगठन से जुड़े कई नेता और जनप्रतिनिधि तथा दिवंगत सहित सगत सिंह के पुत्र और अन्य सभी परिजन मौजूद रहे, मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से भी किया संवाद और चूरू की धरती पर अपना कदम रख कर खुद को बताया भाग्यशाली**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को चूरू में कृषि उपज मंडी खेल स्टेडियम पर शौर्य दिवस के रूप में आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सालों से शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी पिलाने का झांसा देकर वोट तो हासिल किया और सालों तक शासन करने के बाद भी शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी उपलब्ध नहीं करवाया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग और पहल से हमारी सरकार शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी जरूर पिलाएगी इसके लिए यमुना जल समझौते के अनुसार डीपीआर बनकर कंप्लीट है और 32000 करोड रुपए की यह योजना बहुत जल्दी ही धरातल पर आने वाली है और हम बहुत जल्दी ही शेखावाटी के लोगों को पानी पिलाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वह करते हैं पिछले सवा दो साल में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में हर क्षेत्र में शानदार कार्य किया है और आगे भी बड़े-बड़े कार्य होंगे और बड़े-बड़े जनहित निर्णय लिए जाएंगे ।इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेल स्टेडियम में महान योद्धा दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया और कहा कि यह शेखावाटी की वीरों की धरती ही है जो सगत सिंह जैसे महान योद्धा को जन्म दिया उन्होंने कहा कि सगत सिंह जैसे महान योद्धा इतिहास पुरुष की तरह होते हैं जो देश के युवाओं और देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं उन्होंने कहा कि सिर्फ वीर योद्धा सगत सिंह 19 साल की आयु में ही मिलिट्री में शामिल हो गए थे और फिर जीवन भर देश की रक्षा के लिए समर्पित रहे उन्होंने कई बड़ी-बड़ी लड़ाईया में हिस्सा लिया जिसमें चाहे गोवा मुक्ति का आंदोलन हो या फिर चीन से नाथुवाला का युद्ध और कई अन्य बड़े-बड़े युद्ध हो उन्होंने भारत की ओर से जो शौर्य और साहस दिखाया उसकी चर्चा हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में होती है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इतिहास साक्षी है।

## कांग्रेस की सरकारों ने रिफाइनरी को अटका कर रखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिफाइनरी में राजस्थान का 26 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसभा में बाड़मेर की रिफाइनरी को लेकर कांग्रेस पार्टी की पिछली सरकारों को लपेटा और कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने रिफाइनरी को अटका कर रखा 2013 में चुनावी साल में तत्कालीन गहलोत सरकार ने रिफाइनरी का लोकार्पण तो करवा दिया लेकिन जो समझौता किया गया वह काफी आधा अधूरा था जिसमें राजस्थान के हितों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया और बाद में इस रिफाइनरी के निर्माण को अटकाने के अलावा और कोई दूसरा काम नहीं किया जिसकी वजह से इस रिफाइनरी के निर्माण में इतना विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस रिफाइनरी के समझौते में काफी बदलाव किया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए समझौते में राजस्थान का 26 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया जो प्रदेश के विकास के लिए एक बहुत बड़ा निर्णय कहा जा सकता है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपनी सरकार के समय इस रिफाइनरी के नाम पर इलाके में जमीनों में जो घोटाले किए इसकी चर्चा अब तक भी हो रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इस रिफाइनरी पर बोलने का बिल्कुल भी अधिकार नहीं है क्योंकि उन्होंने कभी भी रिफाइनरी के निर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिछले सवा दो साल में रिफाइनरी के निर्माण में जबरदस्त तरीके से तेजी लाई गई डबल इंजन सरकार का पूरा फोकस रिफाइनरी पर रहा जिसकी वजह से यह पूरी तरह से कंपलीट हुई उन्होंने कहा कि रिफाइनरी की नई तारीख भी जल्दी ही निर्धारित की जाएगी लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता रिफाइनरी में हुई आगजनी को लेकर जिस तरह के बयान दे रहे हैं यह बयान उनकी कमजोर मानसिकता का प्रतीक है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में विभिन्न योजनाओं और बड़े-बड़े प्रोजेक्ट के शुभारंभ के लिए भरपूर सहयोग दिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है उन्होंने राजस्थान के लिए बहुत सी योजनाओं की सौगात दी है चाहे वह ईआरसीपी योजना हो या फिर यमुना जल समझौता हो या फिर गंगा नहर और इंदिरा गांधी नहर के लिए 5000 करोड रुपए देने की बात हो ऐसी अनेक योजनाएं और प्रोजेक्ट हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग मार्गदर्शन से ही शुरू हुई है जो प्रदेश के लोगों की भलाई के लिए तो लाभकारी साबित होगी ही इसके अलावा प्रदेश के विकास को भी तेजी से गति मिल रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत राजस्थान और देशभर के किसानों को हर साल 6000 रुपए मिल रहे हैं इस योजना में राजस्थान में राजस्थान के किसानों को 3000 की बढ़ोतरी करके दे रहे हैं इस तरह से इस योजना में राजस्थान के किसानों को हर साल 9000 रुपए डायरेक्ट उनके अकाउंट में स्थानांतरित हो रहे हैं जिसकी वजह से किसानों की आर्थिक के स्थिति में मजबूती आई है उन्होंने कहा कि इसी तरह से प्रधानमंत्री में नरेंद्र मोदी ने किसानों को 150 रुपए बोनस काफी भुगतान कर रहे हैं ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक संबल मिले उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेती और कृषक के विकास और कल्याण के लिए कहीं कोई कमी हमने नहीं रखी है निरंतर किसान की इनकम को दुगनी करने के साथ-साथ कृषक को कई तरह की सुविधा डबल इंजन की सरकार की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही है प्रदेश में अधिकांश जिलों में कृषक को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

## कांग्रेस ने हमेशा सैनिकों के बलिदान का अपमान किया तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने सैनिकों और सैनिकों के परिवारों की भलाई और कल्याण के लिए कई कदम उठाए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश के सैनिकों और सैनिकों के बलिदान का अपमान किया है चाहे वह ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई हो या बालाकोट के एयर स्ट्राइक हो ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इंडियन मिलिट्री के साहस की तारीफ करने की जगह उनकी कार्रवाई पर सवाल पूछे इतना ही नहीं विदेश में जाकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हमारे देश का एक बार नहीं कई बार अपमान किया। यहां तक की भारत के जवानों को ठीक तरह से कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने साधन और सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई इसके बावजूद भी हमारे जवान भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में हमेशा आगे रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हमारे सैनिकों और शहीदों का हमेशा अपमान किया दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों और दिवंगत सैनिकों के परिजनों की भलाई और कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं कई तरह की योजनाएं शुरू की है तथा कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने जिन्होंनेसालों से वन रैंक वन पेंशन स्कीम को अटका कर रखा प्रधानमंत्री मोदी ने वन रैंक वन पेंशन लागू करके और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी ला दी इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही युद्ध की सामग्री, उपकरण यंत्र इत्यादि निर्माण करने का बीड़ा उठाया है जिसमें भारत में ही अब युद्ध के यंत्र उपकरण निर्माता होने लगे हैं जबकि कांग्रेस पार्टी की सरकारों में विदेश से जो युद्ध सामग्री आयत की जाती थी वह काफी गुणात्मक तरीके से ठीक नहीं होती थी लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में ही युद्ध के यंत्र उपकरण निर्मित किया जा रहे हैं और लगातार सैनिक और सैनिक परिवारों के कल्याण विकास के लिए तरह-तरह की योजनाएं शुरू की जा रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के ओसिया में 416 करोड रुपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास लोकार्पण, कांग्रेस पर बरसे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को जोधपुर के ओसियां विधानसभा क्षेत्र में मांड्या खुर्द में आयोजित जनसभा को संबोधित किया मुख्यमंत्री शर्मा ने यहां ओसिया विधायक भैराराम सियोल के माता-पिता की मूर्ति का अनावरण भी किया। यहां कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक भैराराम सियोल ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया इस दौरान उन्होंने किसानों के प्रति के रूप में हल भेंट कर क्षेत्र की कृषि प्रधान पहचान को रेखांकित किया मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ओसियां विकास दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया । इस पुस्तक में पिछले 2 साल में विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का विस्तृत विवरण शामिल है कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 41 विकास कार्यों का शिलान्यास को 70 कार्यों का लोकार्पण किया । 416 करोड रुपए के लागत वाले इन कार्यों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी रिफाइनरी के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस के नेताओं पर जमकर प्रहार किया और कहा कि कांग्रेस के नेता जिस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रदेश की धरोहर है और देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी में शामिल है जिससे प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिलेंगे उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन काल के दौरान रिफाइनरी से जुड़े मामलों में अनियमितताएं हुई चोरी हुई तथा जैसलमेर बाड़मेर क्षेत्र में जमीनों का गलत तरीके से बंटवारा किया गया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में साफ कहा कि प्रदेश में



गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा। जल जीवन मिशन में चल रही कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी धन की लूट के लिए कांग्रेस नेताओं में और मची हुई थी लेकिन अब ऐसे लोगों को छोड़ नहीं जाएगा और उन्हें जेल भेजा जाएगा किसानों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार किसानों का सम्मान करते हुए किसान सम्मान निधि दे रही है जबकि कांग्रेस ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया उन्होंने घोषणा की की सरकार जल्द ही इस सहायता राशि को बढ़ाकर 12000 रुपए तक ले जाने की दिशा में काम करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के सभी जिलों में पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में प्रदेश को गंभीर बिजली संकट का सामना करना पड़ा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें जो युवा नौकरी लेने के लिए पढ़ाई कर रहे हैं वह भी पढ़ाई करें और जो युवा नौकरी देना चाहते हैं वह भी पढ़ाई करें क्योंकि हम राजस्थान में युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में आगे लाने के लिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवा रहे हैं जिसके माध्यम से युवा अपनी चॉइस के मुताबिक उद्योग स्थापित करके खुद भी रोजगार हासिल करेगा औरों को भी रोजगार उपलब्ध करवाएगा। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौते में 9 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं और लगातार राइजिंग राजस्थान के समझौते धरातल पर आ रहे हैं जिसकी वजह से प्रदेश में औद्योगिक माहौल बन रहा है जिसकी वजह से प्रदेश में रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक भ्रष्टाचार, लूट और पेपर लीक जैसी घटनाएं होती रही जिसकी वजह से राजस्थान का युवा खून के आंसू रोता रहा और रोजगार के लिए तरसता रहा लेकिन हमने सवा दो साल में ही सवा लाख सरकारी नौकरी दी है सवा लाख सरकारी नौकरी का नया कैलेंडर जारी कर दिया है तथा 135000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी हमने बड़ी संख्या में प्रदेश भर में स्थानीय स्तर पर ही निजी कंपनियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिलवाया है उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में हमारे शासनकाल में करीब 350 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ एक भी परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह की कोई धांधली नहीं हुई यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और ईमानदारी से तथा पारदर्शक ढंग से सरकारी भर्तियां की जा रही है ।

# जोश, जज्बा और जुनून स्किल की ताकत-राज्यवर्धन सिंह राठौड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** बिरला ऑडिटोरियम में बुधवार को राजस्थान विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी का द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ जिसमें कुल 556 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें 189 पोस्ट ग्रेजुएट्स और 367 स्नातक शामिल रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि तथा उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आपका जीवन अभी शुरू हो रहा है और अब इस स्किल के साथ अपने जीवन में आगे क्या करेंगे, वही आपके जीवन को परिभाषित करेगा। राठौड़ ने छात्रों को कहा कि वे खुद को सीमित न रखें और लगातार सीखते रहने की मानसिकता अपनाएं। उन्होंने कहा कि 'यह एक डायनेमिक दुनिया है, या तो आप बदलाव लाने वाले बनिए या फिर बदलाव के लिए तैयार रहिए। प्रधानमंत्री के स्किल री-स्किल और अपस्किल विजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्किलिंग एक निरंतर प्रक्रिया है जो हर व्यक्ति पर



लागू होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में उन्होंने इस बात को समझा कि दुनिया में जो युवाओं की पॉपुलेशन है वो भारत में बढ़ रही है। हमें उसको स्किल करना है। ये एक लगातार चलने वाला प्रोसेस है और ये हर एक पर लागू होता है। इसलिए आज दुनिया आपके इंतजार में है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाएं स्किलिंग को इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी से जोड़ने का मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर रही हैं। राठौड़ ने अपने एनडीए के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सेना में उन्हें वेल्डिंग, आर्किटेक्चर और कंप्यूटर जैसी स्किल्स सिखाई गईं, जिससे समग्र विकास संभव हुआ। इसी तरह छात्रों को भी मल्टी-डायमेंशनल स्किल्स विकसित करनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को भी सराहा और कहा कि बच्चों को सही मार्ग पर बनाए रखना आसान नहीं होता। साथ ही उन्होंने छात्रों को असफलता से न घबराने की सलाह देते हुए कहा कि असफलता आपको ग्रो करती है इसलिए इससे निराश ना हों। अपने टारगेट बड़े रखें और उस तक पहुंचने की कोशिश करते रहें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको को अपनाने का आह्वान किया।




CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
23 अप्रेल, 2026

## पृथ्वी दिवस पर नंदी गौशाला में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को बुध विहार स्थित नंदी गौशाला में भारत विकास परिषद शाखा अलवर, शाखा अरावली अलवर एवं गौ सेवा परिवार अलवर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नियमित रूप से संचालित गौ स्वामणी की 296वीं कड़ी के उपरांत उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। भारत विकास परिषद अलवर शाखा के अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में सभी ने पेड़-पौधों की रक्षा करने, अधिक से अधिक वृक्षारोपण में भाग लेने, जलवायु एवं भूमि को प्रदूषित होने से बचाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पुनः उपयोग व पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने तथा आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण निर्माण में योगदान देने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद से अशोक गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, प्रहलाद अग्रवाल (पूर्व पार्षद), शाखा अरावली से सीताराम गुप्ता तथा गौ सेवा परिवार से सुरेश चंद गर्ग, सुनील खेतावत, सुभाष गुप्ता, विकास खंडेलवाल, मुकेश जसोरिया, विनोद गुप्ता, सत्यनारायण अग्रवाल, प्रदीप धामानी, नन्नूमल, पूरन सैन, आशा मित्तल सहित अन्य गौ भक्त उपस्थित रहे।

## आरसीए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को करेगा सम्मानित, मई से शुरू होंगी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को सम्मानित करेगी। कमेटी संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। एडहॉक कमेटी में सदस्य धनंजय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बेनीवाल और अरिष्ट सिंघवी शामिल हैं। कमेटी राज्य में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट गतिविधियों को शीघ्र शुरू करने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि युवा खिलाड़ियों को बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र से पहले पर्याप्त तैयारी का अवसर मिल सके। डॉ. यादव ने बताया कि आरसीए, बीसीसीआई क्रिकेट सत्र 2025-26 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ राज्य की विभिन्न आयु वर्ग की घरेलू प्रतियोगिताओं में जिले के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित करेगा। उन्होंने जानकारी दी कि बीसीसीआई के आगामी क्रिकेट सत्र 2026-27 से पूर्व खिलाड़ियों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मई-जून में विभिन्न आयु वर्ग की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके तहत 11 मई से सीनियर कॉल्विन शील्ड, 20 मई से सीनियर महिला प्रतियोगिता, 1 जून से अंडर-19, 15 जून से अंडर-16 और 25 जून से अंडर-23 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से राज्य के युवा पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा और वे आगामी सत्र के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

## हनुती हनुमान मंदिर बावड़ी में होगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा स्थित कौशल्या दास की बावड़ी में हनुती हनुमान मंदिर परिसर में 26 अप्रैल (रविवार) को आयुर्वेद एवं एलोपैथी का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, महात्मा गांधी अस्पताल वाटिका जयपुर एवं रामाकृष्णा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा। डॉ. प्रतीक्षा शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें आयुर्वेदाचार्य, फिजिशियन, बाल रोग, त्वचा रोग, दंत, स्त्री रोग, फिजियोथैरेपी व नेत्र रोग विशेषज्ञों की ओर से निःशुल्क जांच व परामर्श दिया जाएगा। साथ ही बीपी, ब्लड शुगर व ईसीजी जांच भी निःशुल्क की जाएगी तथा दवाइयों का वितरण किया जाएगा।

## जयपुर जिला कलक्टर की पहल लाई रंग, आरटीई योजना के अंतर्गत अध्ययनरत 34 विद्यार्थियों की पढ़ाई की बाधा दूर



जयपुर

**जयपुर(कास.)**जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बुधवार को सराहनीय पहल करते हुए ट्री हाउस स्कूल, श्यामनगर (सोडाला) के अचानक बंद हो जाने के कारण आरटीई योजना के अंतर्गत अध्ययनरत 34 विद्यार्थियों की पढ़ाई में अचानक आई बाधा को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यार्थियों का प्रवेश चैरिटी के माध्यम से भामाशाह एवं समाजसेवी श्री विनय चैरडिया द्वारा संचालित गैर-सरकारी पोदार वर्ल्ड स्कूल, कमला नेहरू नगर, जयपुर में कराया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार ने बताया कि इस त्वरित एवं अभिभावकों की इच्छा के अनुरूप किए गए समाधान से सभी अभिभावकों में अत्यंत खुशी का माहौल है। बच्चों की शिक्षा निरंतर जारी रहने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। जिला कलेक्टर द्वारा भामाशाह एवं समाजसेवी विनय चैरडिया को उनके इस सराहनीय सहयोग के लिए कलेक्ट्रेट में आमंत्रित कर सम्मानित भी किया गया। सभी अभिभावकों ने इस अभिनव पहल के लिए जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ), मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल कविया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सूनिल कुमार सिंघल एवं समाजसेवी श्री विनय चैरडिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शहर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

# 48 आवासीय परियोजना को मिली स्वीकृति, जून तक एनसीएपी कार्य पूरे करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, नगर विकास न्यास अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को न्यास सभागार में नगर विकास न्यास एवं नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न आधारभूत संरचना विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत चल रहे कार्यों एवं अरबन चैलेंज फण्ड के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

न्यास सचिव स्नेहल धायगुडे नाना ने बताया कि अरावली विहार फेज-द्वितीय में डिमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत 48 आवास निर्माण के प्रस्ताव को भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्द्धन परिषद द्वारा इन आवासों का निर्माण कर पूर्ण होने पर न्यास को सुपुर्द किया जाएगा।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि अरबन चैलेंज फण्ड के अंतर्गत ऐसे प्रस्ताव तैयार किए जाएं, जिनसे शहर का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल गवर्नेंस, जलभराव रोकथाम, पुराने शहर का पुनरोद्धार, बाजारों का पुनर्विकास, यातायात प्रबंधन, परिवहन केन्द्रों का आधुनिकीकरण एवं कचरा प्रसंस्करण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि बजट घोषणा से जुड़े कार्य, वर्षा जल संचयन, सड़क निर्माण, नाला एवं सीवरेज कार्य, ट्रैफिक एवं पार्किंग प्रबंधन, फूड स्ट्रीट, शहर के प्रवेश द्वार, अलवर दर्शन पार्क, इंदिरा गांधी स्टेडियम में एथलेटिक ट्रैक निर्माण, हरित क्षेत्र विकास, नेहरू पार्क में ऑल एबिलिटी पार्क तथा मोती डूंगरी क्षेत्र में फसाड लाइटिंग जैसे कार्य प्रगतिरत हैं। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा जल संरक्षण से जुड़े कार्य मानसून से पूर्व पूरे कर लिए जाएं, ताकि जलभराव की समस्या से आमजन को राहत मिल सके।

नगर निगम की ओर से एनसीएपी विशेषज्ञ योगेश पुनिया ने जानकारी दी कि सड़क निर्माण से संबंधित छह कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा दो कार्य प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त तिजारा पुलिया से टेल्को सर्किल तक सड़क मरम्मत एवं टाइल कार्य तथा आर्ट्स कॉलेज से ट्रांसपोर्ट नगर तक टाइल कार्य के प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए गए हैं। श्मशान घाट पर प्रदूषण नियंत्रण इकाई स्थापित करने की निविदा प्रक्रिया जारी है।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि एनसीएपी के सभी कार्य जून माह के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएं।

बैठक में भूमि अवाप्ति अधिकारी जीतेन्द्र सिंह नरूका, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, अधिशाषी अभियंता अशोक मदान, आलोक नाग, जेवीवीएनएल के अधिशाषी अभियंता महेश देशवाल, उप नगर नियोजक संध्या सैनी एवं नगर निगम के अधिशाषी अभियंता दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर हुआ शिविरों का आयोजन

### शिविरों में अब तक 575 लाभार्थियों के पंजीकरण किए गए एवं 243 आवेदकों द्वारा मौके पर ही वेंडर चयन किया गया




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं योजना से होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान करने हेतु आज विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 141 पंजीकरण किए गए तथा 67 आवेदकों द्वारा वेंडर चयन किया गया तथा अब तक आयोजित हुए शिविरों में 575 लाभार्थियों के पंजीकरण किए गए एवं 243 आवेदकों द्वारा मौके पर ही वेंडर चयन किया गया।शिविर के दौरान लाभार्थियों को इंडक्शन कुक टॉप भी वितरित किये गये।

जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस. बंसल ने बताया कि अलवर शहर में स्कीम नं. 5 में गर्वनमेंट प्रेस के पास, अम्बेडकर नगर में सामुदायिक भवन, सूर्य नगर में सामुदायिक भवन के पास एवं शिवाजी पार्क में हॉस्पिटल के पास शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 141 पंजीकरण किए गए तथा 67 आवेदकों द्वारा वेंडर चयन किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थियों को इंडक्शन कुक टॉप भी वितरित किये गये। उन्होंने बताया कि अब तक शिविरों में 575 लाभार्थियों के पंजीकरण किए गए एवं 243 आवेदकों द्वारा मौके पर ही वेंडर चयन किया गया।

**यहां होंगे शिविर आयोजित**

उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को स्कीम नं. 7 में शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर एवं स्कीम नं. 2 व 3 में गर्वनमेंट स्कूल के पास विशेष शिविरों का आयोजन होगा।

### लाभार्थी ने किए अनुभव साझा, घर का बिल हुआ शुन्य

शिविर में पीएम सूर्यघर योजना के तहत मिलने वाले लाभों के अनुभव साझा करते हुए हसन खां मेवात नगर बी-103 निवासी लाभार्थी राजपाल सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत पिछले साल सौलर पैनल के लिए आवेदन किया, जिस पर 78 हजार रूपये की सब्सिडी मिली। सौलर पैनल लगने पर एक वर्ष से बिजली का बिल शून्य आया और अतिरिक्त बिजली उत्पादित होने पर मुझे अलग से राशि मिलती है। मुझे इस योजना से बहुत अच्छा लाभ मिला है। साथ ही शिविर में राज्य सरकार की ओर से सोलर कुकर प्रदान किया गया है। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना में मिलने वाले लाभ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना पर्यावरण संरक्षण, बिजली की बचत व शून्य बिजली बिल के लिए बहुत अच्छी योजना है। अतः आमजन अपना शून्य बिजली का बिल करने हेतु सौलर पैनल लगाकर योजना का लाभ उठाए।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 का प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' 16 मई से 14 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व स्व-गणना की सुविधा 1 मई से 15 मई 2026 तक आमजन हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने जनगणना-2027 के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनगणना का ध्येय वाक्य 'जनगणना से जन कल्याण' एवं 'जनगणनाः समृद्धि, समाजस्य', जनगणना-2027 का प्रतीक चिन्ह (लॉगो) तथा शुभंकर (मस्कट) 'प्रगति एवं विकास' का उपयोग विभागों द्वारा जारी समस्त प्रचार सामग्री, कार्यालयी पत्राचार, फॉर्म्स, पर्चियों, होर्डिंग्स, बैनर, टिकट, वाहनों एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री पर अनिवार्य रूप से किया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधीनस्थ समस्त कार्यालयों, संस्थाओं एवं क्षेत्रीय इकाइयों को निर्देशित करें कि वे अपने स्तर पर जनगणना संबंधी संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालयों की ओपीडी, पर्ची, बस टिकट, पर्यटन विभाग की सामग्री, राशन की पर्ची, विद्यालयों के नोटिस बोर्ड आदि पर उक्त सामग्री का प्रदर्शन कराया जावे। साथ ही विभाग के समस्त कार्मिकों एवं उनके माध्यम से आमजन को ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल पर 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना करने हेतु प्रेरित करें तथा स्वगणना उपरान्त प्राप्त स्ध्र द्बष्ठ को प्रगणक के साथ साझा करने की जानकारी का प्रसार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय बैठकों, शिविरों, ग्राम सभाओं, महिला समूहों, स्कूल/कॉलेज कार्यक्रमों में जनगणना-2027 के महत्व पर आईईसी गतिविधियां आयोजित कर चर्चा कराई जाए तथा विभाग द्वारा की गई प्रचार-प्रसार गतिविधियों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक सोमवार को कार्यालय की मेल आईडी dsoalw. des @rajasthan. gov.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

## वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई कर सुनी आमजन की परिवेदनाएं

### परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए दिए अधिकारियों को निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुन कर त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ द्वारा सफाई कर्मचारी भर्ती 2012 के चयनित 329 अभ्यर्थियों की नियुक्ति कराने के संबंध में अवगत कराया, जिस पर वन राज्यमंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण कर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की कार्यवाही पूर्ण करें,वहीं शिवाजी पार्क विस्तार में वाल्मिकी सामुदायिक भवन के गलत तरीके से हस्तांतरण पत्र जारी किए जाने के संबंध में अवगत कराने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, साफ-सफाई आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

## ग्रामीण महिलाओं के लिए निःशुल्क जूट उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), अलवर द्वारा नीमराणा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए जूट उत्पाद निर्माण का 14 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होगा। संस्थान के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक भवन, केशव नगर स्कीम नंबर 13, प्रतापबास स्थित पीएनबी आरसेटी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जबकि प्रशिक्षण पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र, नीमराणा में दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जूट उत्पाद बनाने की गुणवत्तापूर्ण जानकारी दी जाएगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। संस्थान ने बताया कि इच्छुक महिलाएं प्रशिक्षण के लिए आवेदन कार्यालय में कर सकती हैं। आवेदन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे। पात्रता शर्तें: आवेदनकर्ता की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी अलवर, खैरथल-तिजारा या कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गांव की स्थायी निवासी होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह, बीपीएल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना या प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना से जुड़े परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे - लीगल लिटरेसी एंड सेंसटाइजेशन प्रोग्राम (साइबर क्राइम पर विधिक जागरूकता शिविर) में विद्यार्थियों को दी विधिक जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनंत भंडारी के निर्देशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहनलाल सोनी के मार्गदर्शन में यह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को पी एल वी रेखा महलावत द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। साथ ही यौन सम्बन्धित अपराधों और पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षा प्राप्त करने का सबका अधिकार है, शिक्षा सबको प्राप्त हो इसीलिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। शौचालय की सुविधा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

सेशन के दौरान 'कोर्ट वाली दीदी' नाम से एक शिकायत पेटी भी स्थापित की गई, ताकि छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं गोपनीय रूप से दर्ज कर सकें।

शिविर के दौरान साइबर क्राइम की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी वेबसाइट/ऐप, सोशल मीडिया हैकिंग, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग एवं फिशिंग जैसे अपराधों के बारे में समझाया गया।

महिलाओं एवं लड़कियों से संबंधित साइबर अपराधः विशेष रूप से छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि आज के समय में उनके खिलाफ होने वाले साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जैसे सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर बदनाम करना, मॉर्फिंग (फोटो/वीडियो एडिट करके गलत तरीके से उपयोग करना), साइबर स्टॉकिंग (ऑनलाइन पीछा करना/परेशान करना), अश्लील मैसेज, ब्लैकमेलिंग एवं ट्रोलिंग

साइबर ग्रूमिंग (बच्चों को ऑनलाइन फंसाना) आदि बताए। वहीं इनसे बचाव के उपाय भी बताए गए, जैसे सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग मजबूत रखना, अजनबी लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करना, किसी के साथ निजी फोटो/वीडियो साझा न करना, किसी भी प्रकार की धमकी या ब्लैकमेलिंग होने पर तुरंत शिकायत करना आदि है।

शिविर में भारतीय दंड संहिता एवं अन्य संबंधित कानूनों के अंतर्गत साइबर अपराधों के प्रावधान एवं दंड की जानकारी दी गई। साथ ही नालसा द्वारा पीड़ितों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श एवं लोक अदालत के माध्यम से समाधान की प्रक्रिया भी समझाई गई।

उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या National Cyber Crime Reporting Portal पर शिकायत दर्ज करें तथा नजदीकी पुलिस थाने में FIR दर्ज करवाएं।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरः

नेशनल साइबर हेल्पलाइनः 1930

DLSA (विधिक सहायता): 15100

चाइल्ड हेल्पलाइनः 1098

अंत में, सभी को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए जैसे OTP एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा न करना, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना, केवल सुरक्षित वेबसाइट से लेन-देन करना एवं सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग मजबूत रखना। पी.एल.वी. रेखा महलावत द्वारा विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक किया गया तथा उन्हें साइबर अपराध, बाल विवाह ,नशे संबंधित अपराधों के प्रति भी जागरूक किया।अनैतिक कार्यों से दूर रहकर एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया गया। सेशन के दौरान प्रधानाचार्य भरत सिंह, सीनियर स्टाफ सुनंदा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बेकाबू ट्रक ने स्कूल बच्चों से भरी बस के टक्कर मारी, 19 बच्चे घायल और एक की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 25 पर बायतु पेट्रोल पंप के पास बेकाबू ट्रक ने स्कूल बच्चों से भरी एक निजी बस के जोरदार टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद भी ट्रक क्षतिग्रस्त बस को काफी दूर तक घसीट कर ले गया इस हादसे में स्कूल बस में सवार 19 बच्चे घायल हो गए जिनमें आधा दर्जन बच्चों की हालत गंभीर बताई गई है तथा एक बच्चे की मौत होने की जानकारी भी मिली है हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रक का चालक ट्रक लेकर फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस ने नाकाबंदी की हुई है पुलिस का कहना है कि ट्रक को चिन्हित कर लिया गया है बहुत-बहुत जल्दी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा इस हादसे के बाद बच्चों के परिजनों में घबराहट छा गई परिजन घबराते हुए बायतु के अस्पताल में भी पहुंचे और अपने-अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करते रहे सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर भी पहुंची है और क्षतिग्रस्त स्कूल की बस को कब्जे में किया है तथा घटना स्थल का दौरा करके मामले की जांच शुरू कर दी हैजानकारी के अनुसार बाड़मेर के बायतु में सरस्वती स्कूल की निजी बस में करीब 36 बच्चे सवार थे। नेशनल हाईवे संख्या 25 पर बायतु पेट्रोल पंप के पास बेकाबू रखना पहले बस के टक्कर मारी और फिर बस को दूर तक घसीट कर ले गया जिसकी वजह से बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार 19 छात्र घायल हुए हैं जिनमें पांच छात्रों की हालत गंभीर भी है और एक छात्र की मौत भी हो गई है इस हादसे में पूरी तरह से ट्रक चालक की लापरवाही सामने आई है इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी का कहना है कि ट्रक को चिन्हित कर लिया गया है क कुलर से भरा हुआ यह ट्रक था ट्रक के नंबरों के आधार पर ट्रक के मालिक और चालक की पहचान की जा रही है ।

## भीषण गर्मी से छोटे बच्चों को राहत : 27 अप्रैल से जयपुर जिले में स्कूलों का समय सुबह7:30 से दोपहर 12:00 तक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में दिन और रात के तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है प्रदेश में करीब करीब सभी जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री से ज्यादा पहुंच गया है राजधानी जयपुर में भी 41 और 42 डिग्री के बीच तापमान है इसलिए भीषण गर्मी से छोटे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि बच्चों की छुट्टी भरी दोपहर में हो रही है इसलिए घर पहुंचते पहुंचते उन्हें करीब 1 से 2 घंटा लग जाता है जिसकी वजह से भरी दोपहर में उन्हें भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है जो उनकी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो रही है इसीलिए जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को विशेष बैठक आयोजित की जिसमें प्री प्राइमरी स्कूल से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्रों को इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए स्कूल का समय बदलने का निर्णय लिया गया जिसमें सुबह स्कूल 7:30 बजे खुलेगा और 12:00 बजे प्री प्राइमरी स्कूल से आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी किया जाना निश्चित किया गया है जानकारी के अनुसार जयपुर जिला प्रशासन की ओर से यह निर्णय प्रदेश की सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए लागू होगा और जो स्कूल जिला प्रशासन के इस निर्णय को फॉलो नहीं करेगा उसके खिलाफ नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई भी होगी इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से अपने इस निर्णय के क्रियान्वयन के विषय पर मॉनिटरिंग भी रखी जाएगी और जो भी जिला प्रशासन के निर्णय की अवहेलना करेगा उस स्कूल प्रशासन केखिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जानकारी के अनुसार प्रदेश में अधिकांश स्कूलों की छुट्टी भरी दोपहर में 1 से 2:00 बजे के बीच हो रही है जिसकी वजह से बच्चों को घर पहुंचते पहुंचते 3:00 बज जाते हैं इस तरह से करीब एक से डेढ़ घंटे तक बच्चे भीषण गर्मी को सहन करते रहते हैं क्योंकि प्री प्राइमरी से आठवीं तक के बच्चों की उम्र 3 साल से 12 साल तक के बच्चे होते हैं छोटी सी उम्र में इन बच्चों के लिए इस भीषण गर्मी को सहन करना काफी मुश्किल हो रहा है इसलिए बच्चों के उल्टी दस्त पानी की कमी की वजह से कई तरह की बीमारियां भी हो जाती है इसलिए जिला प्रशासन ने स्कूलों का टाइम बदलने का निर्णय लिया ।

## बुजुर्ग महिला का किडनैप कर जंगल में लाखों रुपए के गहने लूटकर बदमाश हो गए फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अलवर जिले के मालाखेड़ा थाना इलाके के हरिपुर पृथ्वीपुरा गांव में गाड़ी में सवार तीन चार अज्ञात बदमाशों ने एक मकान में सो रही बुजुर्ग महिला का किडनैप कर उसे अपनी गाड़ी में पटक लिया और फिर सुनसान जंगल में ले जाकर महिला के हाथ, पांव, नाक और कान तथा गले में मौजूद सोने चांदी के आभूषण उतार लिए महिला के बदन से गहने लूटने के दौरान महिला के शरीर में कई जगहों पर चोट के निशान भी साफ दिख रहे हैं हालांकि बदमाशों ने गहने लूटने के प्रयास में महिला की जान नहीं ली अन्यथा इस तरह की वारदातों में बदमाश बुजुर्ग महिलाओं के हाथ पांव सब काट डालते हैं लेकिन यहां पर बदमाशों ने जंगल में बड़े आराम से बुजुर्ग महिला के पांव से चांदी के कड़े उतरे और फिर हाथ में चूड़ियां कान और नाक में जो गहने थे उनको भी बड़े आराम से उतार लिए हालांकि वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाशों ने महिला के मुंह में कपड़ा भर दिया था ताकि वह चिल्ला नहीं सके बदमाशों ने घर से उठने के दौरान ही महिला के मुंह में कपड़ा भर दिया था जिसकी वजह से घर में अलग हिस्से में सो रहे महिला के परिजनों को इस घटना का पता नहीं चला हालांकि इस घटना के बारे में परिजनों को जल्दी ही पता चल गया जिसके बाद उन्होंने बदमाशों का पीछा भी किया और पुलिस को भी सूचित किया बाद में जंगल में महिला सुरक्षित मिल गई लेकिन उसके शरीर से सोने चांदी के आभूषण गायब मिले और जिस घर में बुजुर्ग महिला सो रही थी उसे घर से बदमाश करीब 5000 भी लूट ले गए । पुलिस को इस मामले में संदेह है कि इस वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने घर की रेकी की थी और बदमाशों को पहले से ही यह पता था कि बुजुर्ग महिला इस कमरे में अकेली सोती है और महिला के बदन पर लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण भी हैं इसलिए कहीं ना कहीं बुजुर्ग महिला के बारे में बदमाशों के पास पहले से ही पूरी जानकारी थी इसलिए इस वारदात को उन्होंने बड़े ही संयोजित तरीके से अंजाम दिया पुलिस अब पिछले दोनों में महिला से मिलने वाले और किसी भी बहाने से गांव में आने वाले लोगों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है ।

# रिफाइनरी में आग लगना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल, अब तो सरकार तय करे एकाउंटेबिलिटी : टीकाराम जूली

### उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पचपदरा स्थित रिफाइनरी में भीषण आग लगने पर गहरी चिंता और दुःख जताया है और कहा है कि यह देवताओं और संतों की भूमि का का पुण्य प्रताप है कि कोई जनहानि नहीं हुई। जूली ने कहा कि पचपदरा स्थित यह रिफाइनरी पूरे प्रदेश का मान- सम्मान और गर्व है तथा सभी इस बात से प्रसन्न थे कि इतने लंबे इन्तजार के बाद आखिरकार इसका लोकार्पण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इससे पहले कि मंगलवार को पीएम मोदी इसका लोकार्पण करते,यहाँ आग लग गई, इस घटना से पूरा राजस्थान बेहद दुखी है।

जूली ने कहा कि पिछले कई हादसों और घटनाओं से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है और किसी की भी ऐसे मामलों के एकाउंटेबिलिटी तय नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार इतना बड़ी घटना हो गई है तो सरकार को अब तो कम से कम अकाउंटेबिलिटी तय करके इस घटना के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाई करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण था जिसके लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले थे। ऐसे अति-महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले इतने बड़े पैमाने पर आग लगना कई सवालों को जन्म देता है। जूली ने हैरानी जताते हुए कहा कि देश के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई वाकया हुआ हो जब किसी प्रधानमंत्री द्वारा किसी प्रोजेक्ट के उद्घाटन से ठीक एक दिन पहले वहां इतना बड़ा अग्निकांड हो जाए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा और प्रोटोकॉल सर्वोपरि होता है, जिससे किसी भी सूरत में समझौता करना अक्षम्य है। राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनका पूरा अमला पचपदरा में केवल इवेंट मैनेजमेंट और चमक-धमक की तैयारियों में व्यस्त रहा उन्होंने सवाल खड़ा किया कि यदि यह भीषण हादसा एक दिन पहले न होकर ठीक लोकार्पण वाले दिन हो जाता तो स्थिति कितनी भयावह और आत्मघाती हो सकती थी? क्या मुख्यमंत्री के पास इसका कोई जवाब है? जूली ने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि जयपुर में हुई किसी रैली में मुख्यमंत्री जी भजनलाल शर्मा ने काला पृष्ठ और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चुल्लू भर पानी में डूब जाने जैसी बातें बोली हैं, इस पर उन्होंने कहा मैं तो ऐसी शब्दावली काम में नहीं लेता लेकिन किसे चुल्लू भर पानी में डूबना चाहिए, रिफाइनरी हादसे के बाद अब जनता तय करेगी मामले की गंभीरता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। जूली ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि अब उन्हें आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। सरकार को सत्ता में आए काफी समय हो चुका है अब उन्हें केवल विज्ञापन और प्रचार के मोह से बाहर निकलकर गवर्नेंस की बुनियादी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर होना चाहिए। जनता की सुरक्षा और प्रदेश के विकास के प्रति इस तरह की लापरवाही राजस्थान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

## खड़गे के अमर्यादित बोल, कांग्रेस की विषैली और अपमानजनक राजनीति फिर हुई बेनकाबः राठौड़

### सोनिया गांधी ने मोदी पर मौत का सौदागर, मणि शंकर अय्यर ने नीच, राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है जैसी टिप्पणी कांग्रेस की गिरती हुई भाषा और मानसिकता के प्रतीक

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि यह बयान न केवल निंदनीय है बल्कि कांग्रेस की घृणित और स्तरहीन राजनीतिक सोच का जीवंत उदाहरण है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व बार-बार अपनी हताशा और राजनीतिक दिवालियापन को छिपाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत और अशोभनीय हमले करता रहा है। यह कोई एक-दो घटनाएं नहीं हैं बल्कि कांग्रेस की पूरी राजनीतिक संस्कृति ही अपशब्दों, अपमान और दुर्भावना पर आधारित रही है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के नेता मणि शंकर अय्यर द्वारा प्रधानमंत्री के लिए नीच जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाना हो, या कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा मौत का सौदागर । राहुल गांधी द्वारा गब्बर सिंह टैक्स और चौकीदार चोर है जैसे नारों का इस्तेमाल करना, राहुल गांधी द्वारा सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों है वाला बयान जैसी टिप्पणी ये सभी उदाहरण कांग्रेस की गिरती हुई भाषा और मानसिकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। इसके अलावा भी कई कांग्रेसी नेताओं ने बार-बार प्रधानमंत्री के प्रति अभद्र और असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस अब मुद्दों पर बात करने की क्षमता खो चुकी है, इसलिए वह गाली-गलौज और व्यक्तिगत अभ्रद भाषा के द्वारा हमलों की राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह आदत देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को आहत करने वाली है और यह उनकी गहरी निराशा का संकेत है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भाजपा इस तरह की ओछी और नकारात्मक राजनीति को सिरे से खारिज करती है और जनता के विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित के एजेंडे पर अडिग है। राठौड़ ने कांग्रेस नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने नेताओं की जुबान पर लगाम लगाएं अन्यथा देश की जनता उन्हें बार-बार इसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देती रहेगी।

## अलका लांबा को जानकारी का अभाव, थोड़ा पढ़कर आती तो शायद अच्छा बोल पातीः राखी राठौड़

### 2023 में पारित बिल में पहले जनगणना,फिर डीलिमिटेशन और उसके बाद आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया तय की गई, तो उस वक्त कांग्रेस ने क्यों नहीं किया विरोध

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन बिल पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अलका लांबा को जानकारी का अभाव है, उन्हें पढने की जरूरत है। उनके आरोप निराधार और हताशा से भरे हुए हैं। वे थोड़ा पढ़ कर आती तो शायद कुछ अच्छा बोल पाती। राखी राठौड़ ने कहा कि महिलाओं को सिर्फ और सिर्फ वोटबैंक समझने वाली कांग्रेस को नारीशक्ति वोट की चोट से जवाब देगी। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर महिलाओं के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि पार्टी का महिला वर्ग में जनाधार लगातार कमजोर हो रहा है। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों में बेहद कम संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं, जिससे साफ है कि महिलाओं का समर्थन उन्हें नहीं मिल रहा है। जबकि भाजपा के जन आक्रोश महिला पदयात्रा को महिलाओं का व्यापक समर्थन मिला है, जिससे कांग्रेस बौखला गई है। राठौड़ ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में मात्र 20 से 30 महिलाएं शामिल थीं, वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हुए प्रदर्शन में भी 70 से अधिक महिलाएं मौजूद नहीं थीं। यह कांग्रेस की कमजोर स्थिति का संकेत है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने डीलिमिटेशन के मुद्दे पर कहा कि अगर कांग्रेस को इस प्रक्रिया से आपत्ति थी तो उसे पहले ही विरोध करना चाहिए था। 2023 में पारित बिल में पहले जनगणना, फिर डीलिमिटेशन और उसके बाद आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया तय की गई है। राठौड़ ने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2010 में राज्यसभा में बिल पारित कराने के बावजूद कांग्रेस उसे लोकसभा में पेश नहीं कर पाई जबकि उस समय बीजेपी समर्थन देने को तैयार थी। कांग्रेस अब केवल राजनीतिक लाभ के लिए भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में स्पष्ट किया है कि 2026 के बाद जनगणना और डीलिमिटेशन की प्रक्रिया पूरी होने पर ही आरक्षण से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी होगा। राठौड़ ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री द्वारा किया गया वादा जरूर पूरा होगा और देश की महिलाओं को उनका अधिकार मिलेगा। राखी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पर बात करने का तो कांग्रेस के नेताओं को हक़ ही नही है। कांग्रेस सरकार में राजस्थान महिला अपराध और दुष्कर्म के मामले में पहले पायदान पर था। प्रदेश की महिलाएं और बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही थी और विधानसभा में उनके मंत्री राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताकर महिलाओं का मखौल उड़ा रहे थे, आज राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित रूप से घर से बाहर निकल रही है और अपराध में भी लगातार गिरावट आई है। प्रदेश की भजनलाल सरकार महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है। अगर किसी पर कोई का आरोप लगे तो कानून अनुसार कार्रवाई होगी, भाजपा सरकार में किसी भी अपराधी को संरक्षण नहीं दिया जाता है।

## नगर निकाय चुनाव-2026 हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह ने बताया कि नगर निकाय चुनाव-2026 के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया है। राज्य की 309 स्थानीय निकायों में से 195 निकायों की मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। शेष 113 स्थानीय निकायों की मतदाता सूची का कार्यक्रम पृथक से चल रहा है। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी, 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में कुल 1,13,29,913 मतदाता शामिल थे। ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद 2,27,879 नए मतदाता जोड़े गए, जबकि 5,49,916 मतदाताओं के नाम हटाए गए। इसके बाद अंतिम प्रकाशन में कुल 1,10,07,876 मतदाता दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के 195 नगर निकायों में प्रकाशित इस अंतिम मतदाता सूची में 56,57,921 पुरुष, 53,49,578 महिलाएं तथा 377 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि ड्राफ्ट सूची की तुलना में अंतिम सूची में 3,22,037 मतदाताओं की कमी दर्ज की गई है, जो लगभग 2.90 प्रतिशत (ऋणात्मक) है। जिला स्तर पर जोधपुर में 16.9 प्रतिशत तथा उदयपुर में 11.50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जबकि बाड़मेर में 2.50 प्रतिशत एवं नागौर में 2.40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। राज्य के 39 जिलों में नगर निकायों के 6,485 वार्डों तथा 12,198 मतदान केंद्र बनाए गए है।

## बिजली के तार के छूने से कबाड़ से भरे ट्रक में लगी आग, स्लीपर कोच बस में भी लगी भीषण आग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** प्रदेश के पाली जिले में रोहट में जालौर तिराहे पर कबाड़ से भरे ट्रक का बिजली के तार से स्पर्श हो गया जिसकी वजह से ट्रक में भारी कबाड़ में आग लग गई जिसकी जानकारी मिलती ही चालक ने काफी सूझबूझ दिखाई और ट्रक को तुरंत सर्विस सेंटर पर ले गया जहां पर दमकल की गाड़ी और सर्विस सेंटर के माध्यम से ट्रक में लगी हुई आग को बुझाया गया इसी तरह से एक अन्य आगजनी की घटना करौली के कैलादेवी में हुई जहां पर केला देवी गांव में ही उत्तर प्रदेश से आई एक स्लीपर कोच बस खड़ी हुई थी जिसमें अपने आप ही भीषण आग लग गई हालांकि बस में सवार यात्री केला देवी माता के दर्शन करने गए भी थे इसलिए बस में कोई भी यात्री नहीं था इसकी वजह से आगजनी की इस घटना में किसी भी तरह की कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन आगजनी की घटना से बस जलकर क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की गाड़ियों को भी बुलाया गया और आग पर काबू भी पाया गया लेकिन तब तक बस आग से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी

## अपनी गाड़ी पर विधायक की नेम प्लेट लगाकर वीआईपी कल्चर का रोब दिखाना युवक पर पड़ा भारी, ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी बरामद की


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में एक युवक अपनी कार पर भाजपा विधायक की नेम प्लेट लगाकर जयपुर की सड़कों पर वीआईपी होने का रोब दिख रहा था लेकिन जयपुर ट्रेफिक पुलिस ने वीआईपी कल्चर का रोब दिख रहे इस युवक को उसकी हैसियत से उसकी पहचान करवा दी और तुरंत ही उसकी गाड़ी को बरामद करके कलवाड़ा थाना में गाड़ी को भेज दिया जानकारी के अनुसार कालवाड़ थाना इलाके में हाथोज में सड़क पर गुजर रही एक कार पर भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के नाम से नेम प्लेट लगी हुई देखी जिस पर हाथोज में ट्रैफिक पुलिस में नियुक्त हेड कांस्टेबल को इस गाड़ी पर शक हुआ उसने तुरंत गाड़ी को रोका और गाड़ी के चालक से पूछताछ के तो चालक ने खुद को भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य का करीबी बताया जिस पर हेड कांस्टेबल ने भाजपा विधायक के नाम से लगी नेम प्लेट पर आपत्ति जताई और कहा कि यह नियम विरुद्ध है हेड कांस्टेबल ने कहा कि यह गाड़ी विधायक के नाम पर अलॉट नहीं है यह पूरी तरह से कानून और नियम के खिलाफ है जिस पर गाड़ी चालक झोटवाड़ा निवासी श्याम ने हेड कांस्टेबल को मामला सेट करने को भी कहा लेकिन हेड कांस्टेबल ने तुरंत उसकी कार को जप्त कर गाड़ी को तुरंत ही कालवाड़ थाना में भेज दिया । ट्रैफिक पुलिस की यह कार्रवाई बिल्कुल सार्थक है पुलिस को इस तरह की कार्रवाई जरूर करनी चाहिए लेकिन हकीकत यह भी है कि राजधानी जयपुर में ही कई वाहन ऐसे हैं जो विधायक, सांसद के नाम पर नेम प्लेट अपनी गाड़ी पर लगाकर आराम से सड़कों पर वीआईपी कल्चर का रोब दिखाकर सड़कों पर गाड़ी चलते देखे जा सकते हैं हालांकि ऐसे लोग संबंधित विधायक और सांसद के जानकार और करीबी जरूर होते हैं लेकिन उन्हें यह अधिकार नहीं है कि अपनी गाड़ी पर इस तरह से विधायक सांसद के नाम से नेम प्लेट स्थापित करें कई बार ट्रैफिक पुलिस के बड़े अधिकारी भी इस तरह की गाड़ियों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करते जबकि उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए हालांकि कई बार जब इस तरह की गाड़ियों को ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी पढ़ते हैं तो फिर वह हालांकि कई बार जब इस तरह की गाड़ियों को ट्रैफिक पुलिस रोक कर पूछताछ करती है तो ऐसे लोग तुरंत संबंधित विधायक सांसद इत्यादि का हवाला देकर बचने की कोशिश भी करते हैं कई बार संबंधित विधायक और एमपी से बात मोबाइल फोन से बात भी करवाने की कोशिश करते हैं जिस पर कई बार पुलिस अधिकारी प्रेशर में भी आ जाते हैं और ऐसी गाड़ियों को छोड़ देते हैं लेकिन हाथोज में जिस तरह से हेड कांस्टेबल ने यह कार्रवाई की है यह वास्तव में प्रशंसनीय करवाई है ।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने विद्युतीकरण, ऊर्जा दक्षता एवं परिचालन क्षमता में हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे विद्युतीकरण, ऊर्जा संरक्षण, परिचालन दक्षता तथा यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। यह उपलब्धियां भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे



विद्युतीकरण, ऊर्जा संरक्षण, परिचालन दक्षता तथा यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

**रेलवे विद्युतीकरण में उल्लेखनीय प्रगतिः** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2025-26 में कुल 83 रूट किलोमीटर (आरकेएम) 262.71 ट्रैक किलोमीटर का विद्युतीकरण पूर्ण किया गया है। जयपुर मंडल के अंतर्गत दौसा-अरनिया कलां सलेमपुरा एवं लालसोट-गंगापुर सिटी रेलखंडों में 2.25 केवी प्रणाली के तहत कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न दोहरीकरण परियोजनाओं के अंतर्गत भी कई रेलखंडों का विद्युतीकरण किया गया है जिससे ट्रेनों के संचालन में गति एवं क्षमता में वृद्धि हुई है।

**विद्युत आपूर्ति प्रणाली सुदृढ़ :** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा डूंगरपुर, बाड़मेर एवं लालगढ़ में तीन ट्रैक्शन सब-स्टेशन स्थापित किए गए हैं जिससे विद्युत ट्रेनों के संचालन हेतु निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

**सुरक्षा एवं विश्वसनीयता में सुधार :** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) विफलताओं में 24 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है जो कि पिछले वर्ष के 21 मामलों से घटकर 16 रह गई है। यह सुधार नियमित निरीक्षण, थर्मो-विजन जांच तथा उन्नत रखरखाव पद्धतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हुआ है। साथ ही ओएचई प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ाने हेतु विभिन्न उपाय अपनाए गए हैं, जिनमें फ्लोरोसेंट टेप का उपयोग, पैकिंग सैडल्स तथा डबल कॉन्टैक्ट वायर व्यवस्था शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्री-समर निरीक्षण अभियान एवं वृक्षों की छंटाई के विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

**सौर ऊर्जा एवं हरित ऊर्जा पहलः** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की जा रही है। रिपोर्टिंग माह के दौरान 11.88 लाख यूनिट से अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन किया गया तथा 1408 किलोवाट पीक क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए गए। यह पहल ऊर्जा लागत में कमी तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा ऊर्जा दक्षता बढ़ाने हेतु रिपोर्टिंग माह के दौरान 1236 बीएलडीसी पंखे एवं 386 फाइव-स्टार रेटेड उपकरण स्थापित किए गए हैं। इन उपायों से विद्युत खपत में कमी लाने में सहायता मिली है। ऊर्जा प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप पावर फैक्टर 0.96 से अधिक बनाए रखने पर 7.65 लाख रुपये का रिबेट प्राप्त हुआ। साथ ही समय पर बिजली बिल भुगतान करने से 2.86 लाख रुपये की अतिरिक्त बचत हुई है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्तमान में 181 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव संचालित हैं। तथा लगभग 220 जोड़ी (77.74 प्रतिशत) ट्रेनें इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर संचालित की जा रही हैं जो स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देती हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा डीजल ट्रैक्शन के अंतर्गत परिचालन दक्षता बढ़ाने के प्रयासों से मार्च 2026 में 483.734 किलोलीटर ईंधन की बचत की गई

## सम्पादकीय

### दिल्ली में मामूली बात पर हत्या, देश में आदत बनती जा रही है हिंसा




देश में पिछले कुछ वर्षों से मामूली विवाद पर हत्या कर देने की वारदात तेजी से बढ़ी हैं, जो न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा कर रही हैं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों के गिरते स्तर और बढ़ती असहिष्णुता को भी उजागर करती हैं। सवाल है कि पानी, पार्किंग, पैसों के लेन-देन और नोकझोंक जैसी छोटी-छोटी बातों पर किसी की जान ले लेना किस तरह के मानस को दर्शाता है। जिन विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है, आखिर वे किसी की हत्या कर देने का कारण कैसे बन जाते हैं? यह स्थिति वास्तव में चिंताजनक है कि अपराध को अंजाम देने वालों के चेहरे पर न तो कानून का खौफ नजर आता है और न ही उनके भीतर मानवीय संवेदना शेष होती हैं। दिल्ली के प्रीत विहार में रविवार देर रात ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि मामूली कहासुनी से शुरू हुए विवाद में हत्या कर देने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के अनुसार, देश भर में वर्ष 2022 में हत्या के करीब दस हजार मामले सामने आए, जिनमें से ज्यादातर मामलों में हत्या की वजह मामूली विवाद था। सवाल है कि इस हिंसक होती मानव प्रवृत्ति का स्रोत क्या है? किसी विवाद को बातचीत से सुलझाने का विवेक मानव स्वभाव से दूर क्यों होता जा रहा है। खबरों के मुताबिक, प्रीत विहार की घटना में कारोबारी ने अपने आवास के सामने वाहन खड़ा करने पर आपत्ति जताई थी। क्या यह इतना गंभीर मामला था कि बात हत्या तक पहुंच गई! इस घटना ने देश की राजधानी में कानून व्यवस्था पर भी फिर से सवाल खड़े किए हैं। अगर शहर की सड़कों पर लोग घातक हथियार लेकर घूमते हैं, तो इसमें सुरक्षा एजंसियों की निष्क्रियता और लापरवाही साफ नजर आती है। जाहिर है कि कानूनी तौर पर सतर्कता और सख्ती बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी मानवीय मूल्यों के क्षरण को रोकना होगा, तभी हिंसा के मानस को बदला जा सकता है। दिल्ली के मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय एक विवाहित महिला की गला घोंटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि महिला के शव को एक पीजी (पेइंग गेस्ट) के बेड के बॉक्स में से बरामद किया गया।

## कहानी

### कछवा और मेंढक

एक था कछुआ। अक्सर समुंदर से निकल कर रेत पर बैठ जाता और सोचने लगता दुनिया भर की बातें, समुंदर के तमाम कछुए उसे अपना गुरु मानते थे इसलिए कि वो हमेशा अच्छे और मुनासिब मश्वरे दिया करता था। मसलन रेत पर अंडे देने के लिए कौन सी जगह मुनासिब होगी, उमूमन दुश्मन अंडों को तोड़ दिया करते थे इसलिए इस बुज़ुर्ग कछुए की राय लेना ज़रूरी समझा जाता था। गुरु ने अंडे देने के लिए जो जगह बताई वहाँ कोई दुश्मन कभी नहीं पहुँच सका, फिर गुरु जी समुंदर की लहरों को देख कर अंदाज़ा लगा लेते थे कि समुंदरी तूफ़ान कब आएगा, समुंदर की लहरें कितनी तेज़ हो सकती हैं। तमाम कछुए अपने बाल बच्चों को लेकर साहिल के क़रीब किस मुक़ाम पर रहें। तूफ़ान कितनी देर रहेगा, ये समझो बच्चो ज़हीन, दूर अंदेश, फ़लसफ़ी क़िस्म का कछुआ था वो। एक सुबह समुंदर से निकल कर वो कछुआ रेत पर बैठा सोच रहा था, हम तो समुंदर और रेत पर रहते हैं, पास ही जो बस्ती है वहाँ लोग किस तरह रहते होंगे। सोचते-सोचते उसकी ख़्वाहिश हुई कि वो बस्ती की तरफ़ जाए और अपनी आँखों से वहाँ का हाल देखे। तुम तो जानते ही हो कि कछुए की चाल कैसी होती है, बहुत ही आहिस्ता-आहिस्ता चलता है ना वो। अपनी ख़ास चाल से आहिस्ता-आहिस्ता चला और पहुँच गया बस्ती में। बस्ती में पहुँचते ही उसे एक आवाज़ सुनाई दी, 'छप-छप' फिर ये आवाज़ बंद हो गई, थोड़ी देर बाद फिर वही आवाज़ सुनाई दी, 'छप-छप' फिर ये आवाज़ रुक गई। कछुए को यक़ीन आ गया कि ये पानी की आवाज़ है। कहीं क़रीब ही पानी में कोई चीज़ उछल रही है। फिर आवाज़ आई, 'छप-छप' कछुए की समझ में ये बात आ गई कि पानी की आवाज़ बहुत पास से आ रही है और उसमें कोई जानवर उछल रहा है। वो आहिस्ता-आहिस्ता अपनी ख़ास चाल से उस जानिब चला कि जहाँ से आवाज़ आ रही थी और पहुँच गया एक कुँएँ के पास। अंदर झाँक कर देखा तो वहाँ पानी नज़र आया। पानी में आवाज़ एक मेंढक की उछल-कूद से हो रही थी। मेंढक फिर उछला और आवाज़ आई, 'छप-छप।' कछुए ने पूछा, 'भाई मेंढक, बड़े खुश नज़र आ रहे हो, बात क्या है, खूब उछल रहे हो कुँएँ के पानी में? ' मेंढक ने जवाब दिया, 'मैं हमेशा खुश रहता हूँ और कुँएँ के पानी में इसी तरह उछलता रहता हूँ। कछुए ने कुछ सोचते हुए कहा, 'कुँआँ गहरा तो है लेकिन तुम अंदर नहीं जा सकते। ' 'भला मैं अंदर क्यों जाऊँ, गहराई में तो मेरा दम घुट जाएगा मेंढक ने जवाब दिया। '

'तुम सिर्फ़ उसकी सतह ही पर उछल कूद कर सकते हो।' कछुए ने कहा।

'हाँ इस पानी में मुझे इसी तरह छपाक-छपाक करते हुए अच्छा लगता है। '

'और पानी तो ईंटों की दीवारों से घिरा हुआ है, तुम ईंटों के दरमयान बंद हो। '

'कमाल करते हो भाई अगर कुँएँ के गिर्द दीवार न हो तो पानी बह जाएगा और मैं भी बह जाऊँगा फिर कुँआँ कहाँ रहेगा।' मेंढक ने कहा।

'वही तो मैं सोच रहा हूँ।' फ़लसफ़ी कछुए ने कुछ कहना चाहा लेकिन ख़ामोश रहा।

'क्या सोच रहे हो भाई, इस कुँएँ में तुम समा नहीं सकते यही सोच रहे हो ना... मेरी क़िस्मत पर रश्क आ रहा है तुम्हें।' मेंढक ने तंज़िया अंदाज़ में कहा।

'नहीं मेंढक जी, मैं तो ये सोच रहा हूँ कि तुम कुँएँ के मेंढक हो और हमेशा कुँएँ के मेंढक ही बने रहोगे, तुमने समुंदर नहीं देखा, समुंदर देखोगे ना तो इल्म होगा कि पानी क्या होता है।' कछुए ने अपनी बात समझाई।

'समुंदर क्या होता है?' मेंढक ने पूछा।

'समुंदर पानी का एक बहुत बड़ा, बहुत ही बड़ा और बहुत ही बड़ा कुँआँ होता है जो दीवारों के दरमयान नहीं होता। उसके गिर्द कोई दीवार नहीं होती ईंटों-पत्थरों की कोई दीवार नहीं होती। जहाँ तक देखोगे ना पानी ही पानी नज़र आएगा। समुंदर ने सारी दुनिया को घेर रखा है। हम समुंदर ही में रहते हैं। तुम वहाँ नहीं रह सकते। '

'क्यों नहीं रह सकते भला?' मेंढक ने दरयाफ़्त किया।

'इसलिए कि तुम उसके बहाव में बह जाओगे और तुम्हारी ख़बर ता-क़यामत किसी को नहीं मिलेगी। हाँ एक बात हो सकती है।' फ़लसफ़ी कछुए ने सोचते हुए कहा...

'क्या? कौन सी बात?' मेंढक ने पूछा।

'ये हो सकता है कि तुम कुँएँ से निकल कर मेरे साथ समुंदर की तरफ़ चलो, देखो समुंदर क्या है, उसकी लहरें कैसी हैं, हम कछुए वहाँ किस तरह रहते हैं

# लोकलुभावनवाद से ग्रस्त राजनीति

*आर्थिक प्रबंधन की कसौटी प्रायः शासनकला की मूलभूत एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। भारत में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों का कुल वार्षिक व्यय लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास है। यदि केंद्र से वित्तीय हस्तांतरण को देखा जाए तो राज्य सरकार और स्थानीय निकाय मिलकर करीब 60 लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। स्थानीय निकायों पर सीधा नियंत्रण राज्य सरकारों का होता है। यानी व्यय के मोर्चे पर बड़ी जिम्मेदारी मुख्यतः राज्य सरकारों और उनके विवेक पर ही निर्भर है। यदि समस्त सरकारी व्यय की बात करें तो लगभग आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मुफ्त राशन, नकदी हस्तांतरण, कृषि कर्ज माफी और कृषि सब्सिडी जैसी राजनीतिक रेवड़ियों पर ही खर्च होती है। इसमें शिक्षा-स्वास्थ्य पर होने वाला व्यय शामिल नहीं है।*

*क्या रेवड़ियों पर होने वाला यह खर्च कुल व्यय के अनुपात में बहुत अधिक या असंतुलित है? यदि विकसित देशों की व्यवस्था से परखें तो उत्तर होगा 'नहीं'? विकसित देशों में मुफ्त सौगातों की अपनी एक विशेष सूची है। उसे भले ही सामाजिक सुरक्षा का नाम मिला हो, पर यह संकल्पना उनके लिए अपरिचित तो कतई नहीं। फिर भी, इसमें एक मूलभूत अंतर यह है कि विकसित देशों में ऐसे खर्च जहां पूरी तरह संस्थागत स्वरूप में सामाजिक अनुबंध का हिस्सा होते हैं, वहीं भारत में ये खर्चे मनमानेपन का उदाहरण हैं,*



अमेरिका और ईरान के बीच अस्थिर संघर्षविराम के स्थिर होने की आशा और घरेलू मोर्चे पर महिला आरक्षण संबंधी विधेयक के गिरने से उपजी निराशा के बीच अब ध्यान पूरी तरह घरेलू राजनीति पर केंद्रित है, जो किसी वैश्विक टकराव की तुलना में हमारे कहीं अधिक नियंत्रण में है। इस साल देश के कई राज्यों में चुनाव हैं। हालांकि इसमें कोई हैरानी नहीं कि आखिर कौन से साल चुनावों का क्रम नहीं चलता। अभी तक असम, केरलम और पुडुचेरी में चुनाव हो चुके हैं। बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव भी इसी महीने निपट जाएंगे।

अगले वर्ष की शुरुआत में पंजाब और उत्तराखंड के अलावा राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में चुनाव होने हैं। जहां इन चुनावों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा चर्चा में रहा है, वहीं हमेशा की तरह धर्म, जाति, क्षेत्रीय अस्मिता और लोकलुभावनवाद आदि के माध्यम से वोट बटोरने की होड़ भी राजनीतिक दलों में जारी है। क्षेत्रवाद एवं रेवड़ियों की इस राजनीति का दुष्परिणाम स्वाभाविक रूप से हमारे सामाजिक तानेबाने और अर्थव्यवस्था को भुगतना पड़ता है।

आर्थिक प्रबंधन की कसौटी प्रायः शासनकला की मूलभूत एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। भारत में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों का कुल वार्षिक व्यय लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास है। यदि केंद्र से वित्तीय हस्तांतरण को देखा जाए तो राज्य सरकार और स्थानीय निकाय मिलकर करीब 60 लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। स्थानीय निकायों पर सीधा नियंत्रण राज्य सरकारों का होता है। यानी व्यय के मोर्चे पर बड़ी जिम्मेदारी मुख्यतः राज्य सरकारों और उनके विवेक पर ही निर्भर है। यदि समस्त सरकारी व्यय की बात करें तो लगभग आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मुफ्त राशन, नकदी हस्तांतरण, कृषि कर्ज माफी और कृषि सब्सिडी जैसी राजनीतिक रेवड़ियों पर ही खर्च होती है। इसमें शिक्षा-स्वास्थ्य पर होने वाला व्यय शामिल नहीं है।

क्या रेवड़ियों पर होने वाला यह खर्च कुल व्यय के अनुपात में बहुत अधिक या असंतुलित है? यदि विकसित देशों की व्यवस्था से परखें तो उत्तर होगा 'नहीं'? विकसित देशों में मुफ्त सौगातों की अपनी एक विशेष सूची है। उसे भले ही सामाजिक सुरक्षा का नाम मिला हो, पर यह संकल्पना उनके लिए अपरिचित तो कतई नहीं। फिर भी, इसमें एक मूलभूत अंतर यह है कि विकसित देशों में ऐसे खर्च जहां पूरी तरह संस्थागत स्वरूप में सामाजिक अनुबंध का हिस्सा होते हैं, वहीं भारत में ये खर्चे मनमानेपन का उदाहरण हैं, जिसके लिए चुनावी दबाव से उपजा प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद ही अधिक जिम्मेदार है। इस खर्च की प्रकृति एवं स्वरूप भी भिन्नता लिए होता है। भारत में यदि कृषि कर्ज माफी से तुलना करें तो अमेरिका में उसके लिए रियायती फसल बीमा और न्यून ब्याज पर कर्ज की सुविधा जैसी मिसालें हैं।

भारत जैसी आर्थिकी के लिहाज से ब्राजील का उदाहरण लें तो वहां सशर्त नकदी हस्तांतरण की व्यवस्था है, जिसमें विद्यालयों में उपस्थिति एवं टीकाकरण जैसे मानक जुड़े हैं। इन सभी लोकलुभावन योजनाओं का वित्तपोषण करदाताओं की जेब से होता है, लेकिन विदेश में इसके लिए सुदृढ़ व्यवस्था है। विकसित देशों में ऐसी योजनाएं जोखिम प्रबंधन एवं सामाजिक समझौतों के रूप में प्रस्तुत की जाती हैं। उनका वितरण तंत्र भी बेहतर परिणाम लिए होता है। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा भी कोई नई या अनूठी नहीं है। हमारे लिए यही विचारणीय होना चाहिए कि हम अपनी कल्याणकारी राज्य व्यवस्था को अवसर प्रदान करने वाले राज्य के रूप में रूपांतरित करने के लिए पर्याप्त प्रयास कर पा रहे हैं या नहीं?

भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की पूर्ति का गणित एकदम सरल है। इसके लिए हमें दो दशकों तक कम से कम आठ प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि करनी होगी। हमें उत्पादन केंद्रित कल्याणकारी संकल्पना अपनानी होगी, जहां राजकोषीय प्राथमिकताएं उपभोग आधारित सब्सिडी के बजाय क्षमता निर्माण से संबंधित निवेश की ओर उन्मुख हों। अनुमानों के अनुसार बुनियादी ढांचे और मानव विकास पर व्यय प्रत्येक रुपया जीडीपी में 2.5 से लेकर चार रुपये तक का गुणक प्रभाव रखता है, वहीं मुफ्त वितरण वाली योजनाओं में एक रुपया महज 0.9 रुपये के हिसाब से ही उत्पादकता प्रदान करता है।

कल्याणकारी व्यय सामाजिक एवं नैतिक अनिवार्यता है, लेकिन सुशासन के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानून एवं व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होती है। क्या हमारे यहां चुनाव इन मुद्दों पर लड़े जा रहे हैं और उससे भी महत्वपूर्ण यह कि क्या हमारे मतदाता इन मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं? चुनावों में वंचितों की राजनीति, क्षेत्रीय उप-राष्ट्रवाद एवं अस्मिताओं और लोकलुभावनवाद का बोलबाला आखिर कब तक कायम रहेगा? वंचितों की सहायता आवश्यक है, किंतु इस क्रम में अंतिम लक्ष्य यही हो कि सहायता की निर्भरता चरणबद्ध रूप से घटती जाए। आत्मनिर्भरता न केवल राष्ट्रीय, अपितु निजी स्तर पर भी उतनी ही अपेक्षित एवं आवश्यक है। भूखे को पका हुआ भोजन देने के बजाय भोजन पकाने की विधि सिखाना कहीं अधिक उपयोगी है।

हमारे नीति निर्माता विभिन्न मुद्दों पर असहमत हो सकते हैं, पर अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतों पर कोई राष्ट्रीय सहमति तो बनानी ही होगी।

# आतंक और कट्टरपंथ की विषबेल

*इनमें से कोई आइएस से कुप्रेरित होता है, कोई अलकायदा से तो कोई जैश या लश्कर से। कुछ ऐसे भी होते हैं, जो सिमी या पीएफआइ जैसा अपना ही कोई आतंकी गुट बना लेते हैं। सबका मकसद एक ही होता है- भारत को इस्लामी देश बनाना या गजवा हिंद करना। पता नहीं उनकी कुप्रेरणा के स्रोत क्या हैं, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सबके सब इस मजहबी सनक से ग्रस्त हैं कि आतंक के सहारे भारत को इस्लामी देश बनाया जा सकता है। शायद ही कोई माह ऐसा होता हो, जब अंध मजहबी सनक से ग्रस्त संदिग्ध आतंकी देश के किसी न किसी हिस्से में गिरफ्तार न किए जाते हों। इसी चार अप्रैल को दिल्ली और यूपी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुशीनगर से आइएस से जुड़े रिजवान अहमद को पकड़ा गया। वह आतंकियों की भर्ती में जुटा था। 30 मार्च को लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर शबीर अहमद*

एक वर्ष पहले आज ही पहलगाम में 25 पर्यटकों को उनके स्वजनों के सामने उनका मजहब पूछकर गोलियों से भून दिया गया था। इस वहशी घटना पर देश भर में रोष-आक्रोश व्यक्त किया गया था और फिर आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को निशाना बनाया गया था। पहलगाम में पाकिस्तान से आए तीन आतंकी निर्दोष-निहत्थे लोगों को इसलिए आसानी से मारने में सफल रहे थे, क्योंकि चार स्थानीय तत्वों ने उन्हें संरक्षण दिया था। आपरेशन सिंदूर में पस्त होने के बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं है और न ही उन आतंकी तत्वों के दुस्साहस में कोई कमी आई है, जो उसके इशारे पर अथवा अपने स्तर पर या फिर 'लोन वुल्फ' बनकर आतंकी हमलों की साजिश रचते रहते हैं। इसका उदाहरण था डाक्टरों के आतंकी गुट की ओर से पिछले साल नवंबर में दिल्ली में लाल किले के निकट कार बम विस्फोट। देश भर में रह-रहकर आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए जाने का सिलसिला कायम ही रहता है। संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी का अनवरत क्रम यही बताता है कि वे विषबेल की तरह बढ़ते जा रहे हैं। गत दिवस गुजरात पुलिस ने इरफान खान और मुर्शीद जाहिद को गिरफ्तार किया। ये 'सेल्फ रेडिक्लाइज्ड' होकर गजवा हिंद का तानाबाना बुन रहे थे। 18 अप्रैल को दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने इस्लामिक स्टेट (आइएस) से कुप्रभावित चार संदिग्ध आतंकियों को महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से गिरफ्तार किया। उनके दस अन्य साथियों की तलाश है। पकड़े गए आतंकियों का इरादा राम मंदिर, संसद भवन और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले का था। इनका लक्ष्य देश में 'खिलाफत' यानी इस्लामी राज स्थापित करना था। बीते कुछ समय में भारत को इस्लामी देश बनाने या फिर गजवा हिंद के फितूर से ग्रस्त इतने अधिक संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं कि उनकी गिनती करना कठिन है।



इनमें से कोई आइएस से कुप्रेरित होता है, कोई अलकायदा से तो कोई जैश या लश्कर से। कुछ ऐसे भी होते हैं, जो सिमी या पीएफआइ जैसा अपना ही कोई आतंकी गुट बना लेते हैं। सबका मकसद एक ही होता है- भारत को इस्लामी देश बनाना या गजवा हिंद करना। पता नहीं उनकी कुप्रेरणा के स्रोत क्या हैं, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सबके सब इस मजहबी सनक से ग्रस्त हैं कि आतंक के सहारे भारत को इस्लामी देश बनाया जा सकता है। शायद ही कोई माह ऐसा होता हो, जब अंध मजहबी सनक से ग्रस्त संदिग्ध आतंकी देश के किसी न किसी हिस्से में गिरफ्तार न किए जाते हों। इसी चार अप्रैल को दिल्ली और यूपी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुशीनगर से आइएस से जुड़े रिजवान अहमद को पकड़ा गया। वह आतंकियों की भर्ती में जुटा था। 30 मार्च को लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर शबीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया गया। वह दिल्ली में मेट्रो पर आतंक समर्थक पोस्टर चिपकाने वाले माड्यूल का मुख्य आरोपी था। मार्च से पहले फरवरी और जनवरी में भी देश के कई हिस्सों से संदिग्ध आतंकी पुलिस के हत्थे चढ़े थे। समस्या भारत में जिहाद करके उसे इस्लामी राज बनाने का मुगालता पालने वाले तत्व ही नहीं हैं। समस्या वे भी हैं, जो छल-बल, लोभ-लालच, प्रेम-प्रसंग के जरिये मतांतरण कराकर भारत को इस्लामी देश बनाने के इरादे से लैस हैं, जैसे टीसीएस नाशिक के कर्मचारी। ये भी अपनी तरह से जिहाद ही कर रहे थे। वस्तुतः ऐसे जिहादी तत्व भी विषबेल बन गए हैं और वे भी रह-रहकर गिरफ्त में आते रहते हैं। टीसीएस नाशिक में मानसिक प्रताड़ना और प्रेमजाल के सहारे हिंदू युवतियों को इस्लाम में मतांतरित करने की कोशिश के मामले की पूरी परतें अभी खुली भी नहीं थीं कि नागपुर में एक एनजीओ का संचालक रियाज कादरी पकड़ा गया

# पहलगाम की पीड़ा

एक वर्ष पहले आज के ही दिन कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने जिस तरह 25 पर्यटकों को उनका मजहब पूछकर मारने के साथ एक स्थानीय टट्टू वाले को भी गोलियों का निशाना बनाया था, उसने सारे देश को हिलाकर रख दिया था। इस बर्बर आतंकी घटना को भूला नहीं जा सकता-इसलिए और भी नहीं, क्योंकि वह पाकिस्तान अब भी भारत को अस्थिर और आतंकित करने के षड्यंत्र रचते रहता है, जिसके इशारे पर इस भीषण आतंकी घटना को अंजाम दिया गया था। पाकिस्तान जिस प्रकार भारत के लिए खतरा बने जैश और लश्कर के साथ उनके मुखौटा आतंकी संगठनों को पाल-पोस रहा है, उससे भारत को





सचेत रहने के साथ ही उसे निरंतर यह चेताने की भी आवश्यकता है कि यदि भविष्य में किसी आतंकी हमले में उसका हाथ दिखा तो आपरेशन सिंदूर जैसी कठोर सैन्य कार्रवाई फिर होगी। वैसे भी यह आपरेशन स्थगित स्थिति में है। इसका अर्थ है कि भारतीय सेना पाकिस्तान की किसी करतूत का जवाब देने के लिए तत्पर है। यह तत्परता समय की मांग भी है। यह अच्छा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को यह स्मरण कराया कि भारत भूलता नहीं है और जब मानवता की सीमाएं पार होती हैं तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है। पाकिस्तान अपने यहां के आतंकी ढांचे को खत्म करने के स्थान पर जिस तरह अपनी भौगोलिक स्थिति का बेजा लाभ उठाकर विश्व और विशेष रूप से अमेरिका की आंखों में धूल झोंकने में लगा हुआ है, वह शुभ संकेत नहीं। विडंबना यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने निजी संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के फेर में पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रखे हुए हैं। भारत को केवल पाकिस्तान से ही सावधान नहीं रहना, बल्कि देश के अंदर सक्रिय आतंकी तत्वों को लेकर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इसकी अनदेखी न की जाए कि आतंकी साजिश रचने वाले जिहादी तत्व आए दिन गिरफ्त में आते रहते हैं। इनमें पढ़े-लिखे युवा और यहां तक कि डाक्टर और इंजीनियर भी हैं। इनमें से कई पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के इशारे पर आतंकी गतिविधियां संचालित करते पकड़े जाते हैं। आतंकी खतरा जितना सीमा पार से है, उतना ही सीमा के अंदर से भी। आतंक के खिलाफ सतर्कता का स्तर बढ़ाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जिन आतंकियों के मामले अदालतों में हैं, उनका निपटारा प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हो।

## सिमरन सारण के आरएएस बनने पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** तहसील फुलेरा के गांव खेड़ीराम निवासी किसान परिवार की बेटी सिमरन सारण के राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर पंचायत समिति सांभरलेक के सदस्य धन्नलाल नोदल सहित ग्रामीणों ने सिमरन सारण का माला, साफा व उपहार देकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर नोदल ने कहा कि किसान परिवार की बेटी की ओर से आरएएस बनना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। सिमरन की इस सफलता से क्षेत्र की बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सभी ने सिमरन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए परिजनों को बधाई दी।

## पावटा में निशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न, 172 मरीजों को मिला लाभ



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे में टसकोला रोड स्थित राधा रानी हॉस्पिटल में बुधवार को आयोजित निशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 172 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई, जहां क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।शिविर में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. केशव स्वामी, स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय चौधरी ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान शुगर, ब्लड प्रेशर (BP), लिपिड प्रोफाइल, HbAvC सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निशुल्क की गईं, साथ ही आधुनिक मशीन की ओर से हड्डियों की कमजोरी की जांच भी की गई।कार्यक्रम के दौरान मंगल दास महाराज, युवा नेता महेश यादव विराटनगर, हरिद्वारी स्वामी, मुकेश स्वामी व कमल चौधरी, बद्रीप्रसाद सहित कई लोग उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे समय पर बीमारियों की पहचान कर उपचार संभव हो सके।

## एरिया डॉमीनेशन अभियानः धौलपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 185 पर शिकंजा; 6 कट्टे व शराब जब्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बुधवार अलसुबह से चलाए गए एरिया डॉमीनेशन अभियान के तहत धौलपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 185 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 55 पुलिस टीमों ने 356 स्थानों पर दबिश देकर हार्डकोर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर, वांछित आरोपियों व अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों को निशाने पर लिया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड के सुपरविजन में अभियान चलाया गया। करीब 217 पुलिस अधिकारियों व जवानों की टीमों ने जिलेभर में एक साथ दबिश दी। अभियान के दौरान 7 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं 4 जघन्य मामलों और 3 सामान्य मामलों के वांछित आरोपियों को भी पकड़ा गया। इसके अलावा 21 नए प्रकरण दर्ज कर 150 व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई। अवैध हथियारों पर कार्रवाई पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 अवैध देशी कट्टे (315 बोर) व 2 कारतूस बरामद किए। कंचनपुर, सदर धौलपुर, नादनपुर व सदर बाड़ी थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। अवैध शराब जब्त बसईडांग थाना पुलिस ने एक आरोपी को 52 पव्वे अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। हिस्ट्रीशीटरों पर भी नजर अभियान के तहत पुलिस टीमों ने हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर अपराधियों के ठिकानों पर औचक दबिश देकर उनकी गतिविधियों की जांच की। मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी पड़ताल की गई। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। वांछित व असामाजिक तत्व पुलिस के रडार पर हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## जन आधार में फर्जी दस्तावेज लगाने पर ई-मित्र कियोस्क ब्लैकलिस्ट

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'जन आधार' में फर्जी दस्तावेज लगाकर धोखाधड़ी करने के एक गंभीर मामले में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए एक ई-मित्र कियोस्क को तुरंत प्रभाव से ब्लैकलिस्ट कर दिया है। सूचना प्रौद्यौगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि गणेश कोटिया ई मित्र संचालक की ओर से जन आधार से नाम हटाने के लिए एक एडिट किया हुआ (कूट रचित) विवाह प्रमाण पत्र अपलोड किया गया था। विभागीय जांच में इस धोखाधड़ी और दस्तावेजों से छेड़छाड़ की पुष्टि होने के बाद, राज्य सरकार की ओर से जारी आर.एफ.पी के अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मलोनी पंवार, तहसील सैपऊ, जिला धौलपुर स्थित संबंधित ई-मित्र कियोस्क की आईडी को तत्काल प्रभाव से निरस्त ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग धौलपुर ने सभी ई-मित्र संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि वे दस्तावेजों की मूल प्रति जांचे बिना उन्हें अपलोड न करें। भविष्य में दस्तावेजों में हेराफेरी या धोखाधड़ी पाए जाने पर ई-मित्र कियोस्क पर कड़ी कार्यवाही अमल में जाई जावेगी। विभाग ने आमजन से भी केवल वैध दस्तावेजों का ही उपयोग करने की अपील की है।

# सीएचसी बगड़ पर देखने को मिली संस्थागत प्रसव की मिसाल

### नर्सिंग ऑफिसर ने खुद चुना सरकारी अस्पताल

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बगड़ में मंगलवार को संस्थागत प्रसव सेवा की एक प्रेरणादायक और सकारात्मक तस्वीर देखने को मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर के सायंकालीन औचक निरीक्षण के दौरान यह मामला सामने आया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि वार्ड निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि सुनील कुमारी पत्नी संदीप कुमार, निवासी बुडानिया, जो स्वयं चूरू जिले के सुजानगढ़ ब्लॉक में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने अपनी डिलीवरी के लिए सरकारी अस्पताल के रूप में सीएचसी बगड़ को चुना। जबकि उनके पास निजी अस्पताल में कैशलेस डिलीवरी का विकल्प भी उपलब्ध था। सीएचसी बगड़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगलाल बुडानिया की देखरेख में सुनील कुमारी की सफलतापूर्वक सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) करवाई गई, जिसमें उन्होंने एक स्वस्थ नवजात को जन्म दिया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सुनील कुमारी को बधाई देते हुए उनके इस निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध बेहतर सेवाओं पर विश्वास को दर्शाता है और आमजन के लिए भी प्रेरणादायक है।

### रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाएं भी मिलीं दुरुस्तः

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल की रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान सभी ड्यूटी कार्मिक उपस्थित मिले तथा इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उपचार संबंधी फीडबैक भी लिया और व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए चिकित्सा स्टाफ को निरंतर बेहतर सेवाएं देने के निर्देश दिए।

## टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान में निकाली रैली

जयपुर टाइम्स




**विराटनगर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बागावास अहिरान में सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में बुधवार को भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य लालचंद यादव के सानिध्य में विद्यालय परिसर से हुआ, जो पूरे गांव के गली-मोहल्लों से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। रैली के दौरान विद्यार्थियों को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया और शिक्षाप्रद संगीत के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उत्साह, जोश और उमंग का माहौल देखने को मिला। रैली के माध्यम से अभिभावकों व ग्रामीणों को सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं—निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तकें, छात्रवृत्तियां, साइकिल वितरण व मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। इससे प्रेरित होकर ग्रामीणों ने अपने बच्चों का अधिकाधिक नामांकन सरकारी विद्यालय में करवाने का विश्वास जताया। कार्यक्रम में व्याख्याता रामपाल वर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। रैली व नामांकन वृद्धि के इस प्रयास की ग्रामवासियों ने सराहना की। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश उदय, सुखलाल यादव, रामपाल वर्मा, सीताराम सुरेला, प्रदीप यादव, बाबूलाल यादव , कैलाश यादव, लालचंद कुम्हार, देवी सहाय शर्मा, पूरणमल सेनी, शैलेंद्र, बनवारी, विनोद सहित समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। रैली के समापन पर विद्यार्थियों को फलाहार के रूप में केले वितरित किए गए।

## हीट वेव से बचाव के लिए आयुर्वेदिक जागरूकता शिविर, पारंपरिक उपायों से रहने की दी सलाह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** आयुर्वेद विभाग जयपुर के उपनिदेशक डॉ. पी. एल. मीणा के निर्देशानुसार बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जोरपुरा सुंदरियावास स्थित आयुर्वेद अस्पताल में हीट वेव से बचाव हेतु विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन चिकित्साप्रभारी डॉ. संतोष गोरा ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. संतोष गोरा ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान शरीर में पित्त दोष बढ़ने से लू, जलन और थकावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में आयुर्वेद शरीर को भीतर से शीतल बनाए रखने पर जोर देता है। उन्होंने लोगों को पित्त-शामक उपाय अपनाने और खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह दी।

शिविर में बेल का शरबत, सत्तू, आम पन्ना और गुलकंद जैसे पारंपरिक पेय पदार्थों को अत्यंत लाभकारी बताया गया। इसके साथ ही नारियल पानी, खीरा, ककड़ी और तरबूज जैसे जलयुक्त फल-सब्जियों के सेवन पर जोर दिया गया, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो और लू से बचाव हो सके। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के उपयोग पर जानकारी देते हुए बताया गया कि चंदन का लेप शरीर की गर्मी को बाहर निकालने में सहायक होता है। वहीं धनिया-पानी और गिलोय जूस लू व बुखार से बचाव में उपयोगी हैं। खस का शरबत भी शरीर को ठंडक प्रदान करने वाला प्रभावी पेय माना गया। डॉ. गोरा ने दिनचर्या में सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि तेज धूप में बाहर



निकलते समय सिर को सूती कपड़े या टोपी से ढकें तथा दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। गर्म तासीर वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें और शरीर का तापमान संतुलित रखने के लिए दिन में दो बार स्नान करें। उन्होंने बताया कि जेब में प्याज रखने का पारंपरिक उपाय आज भी उपयोगी माना जाता है। साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, लेकिन अत्यधिक ठंडे पानी से बचने और मटके का पानी पीने की सलाह दी। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया गया। शिविर के अंत में उपस्थित लोगों ने आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर गर्मी से सुरक्षित रहने का संकल्प लिया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्रों की जागरूकता रैली, 'पृथ्वी बचाओ-जीवन बचाओ' का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** कस्बे के मोहब्बतपुरा गांव की खारड़ा ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस वन विभाग के तत्वावधान में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी व जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान छात्रों ने 'पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ' जैसे नारे लगाते हुए स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने की अपील की। गांव की गलियों से निकली रैली ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य सुनीता देवी ने अपने संबोधन में बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 1970 में अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड नेल्सन की ओर से की गई थी। उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी के महत्व को समझाते हुए प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समाजसेवी व पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. रामवतार प्रजापत ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वन विभाग की ओर से आयोजित ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी अजय प्रजापत (फागी), वनपाल राम राय मीणा, वनपाल मदन मीणा, वनरक्षक दशरथ राजावत, रामफूल सैनी सहित अन्य शिक्षक, नागरिक उपस्थित रहे।

## रेनवाल मांजी के मोरी दरबार बालाजी मेले में उमड़ा जनसैलाब, झांकियों व भजन संध्या ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस.)।** डिग्गी रोड स्थित रेनवाल मांजी कस्बे के मोरी दरबार बालाजी महाराज मंदिर में आयोजित वार्षिक मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वर्षों से लग रहे इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले में बच्चों के खिलौनों, झूला-चकरी सहित विभिन्न दुकानों की सजावट की गई, वहीं मनोरंजन के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं रही। ग्रामीणों के अनुसार यह मेला पिछले करीब 87 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक पकवान बनाकर बालाजी महाराज को भोग अर्पित किया। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया और बालाजी महाराज की मनमोहक झांकी सजाई गई। इसके बाद बालाजी महाराज को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धा प्रकट की।

रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भजन गायिका सोनम गुजरी और गायक सीताराम लाकड़ा ने भजनों की



शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर श्रोता झूम उठे। मेले में सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली, जहां सभी वर्गों के लोग एक साथ शामिल हुए।

मेले में पंवालिया, हरसूलिया, मोहनपुरा पृथ्वीसिंह, गोहंदी, रायपुरा, किशनपुरा, जानकीनाथपुरा, श्री राजपुरा, मानपुर गेट, बीड़ रामचंद्रपुरा, डाबला, गणेशपुरा, मोहब्बतपुरा, हीरापुरा, जाबड, पहाड़िया, डालूवाला सहित आसपास के अनेक गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

## इंडिया जस्टिस रिपोर्ट में उपभोक्ता संरक्षण में राजस्थान ने हासिल किया देश में तीसरा स्थान

**जयपुर(निस.)** उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में राजस्थान ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए इंडिया जस्टिस रिपोर्ट में देश के बड़े राज्यों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश को यह उपलब्धि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में बजटीय प्रावधान, आधारभूत ढांचा निर्माण, मानव संसाधन, कार्यभार प्रबंधन सहित 11 मापदंडों पर बेहतरीन प्रदर्शन करने पर प्रदान की गई है। उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन और विभागीय नेतृत्व में उपभोक्ता मामले विभाग प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि विभाग के सतत प्रयासों तथा प्रभावी एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली का परिणाम है। गोदारा ने उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए विभाग ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दिसम्बर 2023 से विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। राज्य एवं सभी जिलों में उपभोक्ता आयोगों में सदस्यों की भर्ती पूर्ण पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा के माध्यम से की गई। नवाचार के रूप में राज्य एवं जिला आयोग में परिवाद निस्तारण के लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। राज्य में उपभोक्ता आयोगों के लिए नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा सके।

## पीएचईडी कांट्रैक्टर्स की हड़ताल स्थगितः सरकार से सफल वार्ता के बाद बड़ा फैसला

**जयपुर,(कास.)** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कांट्रैक्टर्स द्वारा पिछले 10 दिनों से जारी हड़ताल को राज्य सरकार के साथ हुई सकारात्मक, रचनात्मक और परिणामदायी वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है। इस निर्णय से प्रदेशभर में पेयजल आपूर्ति के बाधित होने की आशंका समाप्त हो गई है। यह निर्णय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के साथ हुई विस्तृत चर्चा के बाद लिया गया। कांट्रैक्टर्स ने आपसी सहमति से अपने आंदोलन को 5 मई 2026 तक स्थगित रखने का निर्णय किया है। वार्ता के दौरान राज्य सरकार ने कांट्रैक्टर्स की प्रमुख मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसके तहत मई 2026 तक 2500 करोड़ रुपये तथा जून 2026 के अंत तक अतिरिक्त 2500 करोड़ रुपये के भुगतान को सुनिश्चित किया जाएगा। मई 2024 तक पूर्ण किए गए कार्यों पर नियमानुसार एलडी (लिक्विडेटेड डैमेज) में राहत प्रदान की जाएगी। जिन टेंडर्स में प्राइस वेरिएशन क्लॉज लागू है, उनमें नियमानुसार लाभ दिया जाएगा।

# भारत- पाक सीमा पर ड्रोन से गिराई गई 70 करोड़ की हीरोइन, तस्कर की स्कूटी नीलगाय से टकराई तो खुला मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** प्रदेश के बीकानेर जिले में खाजूवाला इलाके में भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तान में बैठे अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले लोगों की ओर से भारत की सीमा में ड्रोन की सहायता से करीब 70 करोड रुपए की हीरोइन गिराई गई, इस मामले का खुलासा बुधवार की तड़के करीब 4:00 बजे उस समय हुआजब खाजूवाला इलाके में पूगल के पास स्कूटी पर सवार तस्कर की गाड़ी नीलगाय से रोड पर टकरा गई जिसकी वजह से वह बुरी तरह से घायल हो गया सीमा पर चौक से कर रहे जवान जब स्कूटी सवार घायल युवक के पास पहुंचे तो इस सारे मामले का खुलासा हुआ क्योंकि बीएसएफ की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी पुलिस ने जब स्कूटी की तलाशी ली तो उसमें 14 किलो हीरोइन विभिन्न पैकेट में पड़ी हुई मिली जिसे देखकर बीएसएफ के जवान और पुलिस के अधिकारी आश्चर्यचकित रह गई यह तो गनीमत रहेगी स्कूटी पर सवार तस्कर की गाड़ी नीलगाय से टकरा गई अगर यह उसकी गाड़ी नीलकमल से नहीं टकराती तो यह करीब 70 करोड रुपए कीमत की अवैध हीरोइन कहीं ना कहीं प्रदेश में नशे के सौदागरों के पास पहुंच जाती फिलहाल पुलिस घायल तस्कर को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई है जहां उसका इलाज जारी है जिसका कहना है कि घायल युवक के पास एक आधार कार्ड मिला है इसके आधार पर उसकी पहचान वाली के सोजत निवासी खेताराम के रूप में हुई है पुलिस का कहना है कि युवक के बिल्कुल स्वस्थ होने के बाद इस मामले की जांच को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर है और पुलिस का मानना है कि इस मामले में स्थानीय नेटवर्क का भी खुलासा होने की पूरी उम्मीद है जानकारी के अनुसार घायल खेताराम से पूछताछ करके यह पता लगाया जाएगा की बरामद की गई हीरोइन पाकिस्तान से कहां से और किन लोगों ने यहां भारत की सीमा में भेजी है और बरामद की गई इस हीरोइन को यहां पर किन-किन लोगों को सप्लाई किया जाना था इससे पहले कितनी बार सीमा पार से यहां अवैध मादक पदार्थ की खेप भेजी गई है और यहां कहां-कहां कहां किन-किन लोगों को मादक पदार्थ की सप्लाई की जाती है और यह धंधा कब से ऑपरेट किया जा रहा है स्थानीय संपर्क सूत्रों और नेटवर्क का भी पुलिस पता लग रही है फिलहाल भारत-पाकिस्तान सीमा पर लगातार पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से भारत की सीमा में पहुंचाई जा रही हीरोइन चरस गांजा इत्यादि मादक पदार्थ की खेप बीएसएफके अधिकारियों और जवानों के लिए भी चिंता का कारण बनी हुई है लेकिन सवाल यह भी खड़ा होता है की सीमा पर कड़ी सुरक्षा प्रबंध के बीच भी आखिर कैसे ड्रोन भारत की सीमा में पहुंच रहे हैं इसके अलावा स्थानीय पुलिस भी इस तरह के मामलों को लेकर काफी टेंशन में है क्योंकि पिछले कुछ सालों से पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं इसलिए पंजाब के सीमावर्ती इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का धंधा कमजोर पड़ गया है और अब राजस्थान के श्रीगंगानगर बीकानेर जिले में ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से अवैध मादक पदार्थ गिराए जा रहे हैं यह कोई पहली बार नहीं है जब बीएसएफ के जवानों ने इस तरह से सीमा पार से आई हीरोइन को बरामद किया है इससे पहले भी कई बार पिछले कुछ सालों से लगातार भारत-पाकिस्तान की सीमा पर कई जगह क्षतिग्रस्त ड्रोन भी पड़े मिले हैं और कई जगह अवैध मादक पदार्थ के लावारिस पैकेट भी पड़े मिले हैं इसलिए पाकिस्तान में बैठे तस्करों ने ड्रोन के माध्यम से अपने धंधे को तेजी से फैला रहे हैं यह बीएसएफ और राजस्थान पुलिस दोनों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है घजानकार लोगों का कहना है यह तो नीलगाय तस्कर की स्कूटी से टकरा गई अन्यथा 14 किलो हीरोइन सप्लायर के पास सुरक्षित पहुंच जाती इसलिए राजस्थान पुलिस और बीएसएफ के अधिकारियों को इस विषय पर आगे और भी गंभीरता से इस बात के प्रयास करने होंगे कि सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से आजकल जो अवैध मादक पदार्थ गिराए जा रहे हैं उन्हें कैसे और किस तरह से रोका जाए हालांकि जिस तरह से स्कूटी पर सवार तस्कर खेताराम को पकड़ा गया है उससे यह साफ जाहिर होता है कि भारत पाकिस्तान की सीमा पर भारत की सीमा में मौजूद कई गांव में ऐसे लोग हैं जो कहीं ना कहीं पाकिस्तान में बैठे तस्करों के संपर्क में हैं इसकी वजह से मादक पदार्थ की तस्करी का धंधा तेजी से गति पड़े हुए ।

# शिविर में 165 लोगो की जांच, 55 का होगा ऑपरेशन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में, जिला अंधता निवारण समिति जयपुर तथा भामाशाह सीताराम मौसूण, पवन मौसूण एवं हितेश ज्वैलर्स के आर्थिक सहयोग से बुधवार को माहेश्वरी सेवा सदन में 32वां नेत्र चिकित्सा, नेत्रदान पंजीयन व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भामाशाह विनोद शर्मा तंवरा, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू एवं शंकरा आई हॉस्पिटल की डॉ. आशना ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। मुख्य अतिथि विनोद शर्मा ने कहा कि लायंस क्लब के सेवा प्रकल्प सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से लोगों को पुनः दृष्टि प्रदान करना अत्यंत पुण्य और मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने 165 रोगियों की जांच की, जिनमें से 55 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। साथ ही 11 नेत्रदान पंजीयन भी हुए जिनमें आईएमए सुजला अध्यक्ष डॉ. एस एन जांगिड़ का नाम भी शामिल है। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने बताया कि शिविर में रोगियों को निःशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। शिविर में देवेंद्र बेदी, मुरली राठी, संजय गोयल, रुपेश शर्मा, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया, चित्रा जगवानी, मोनिका सोनी सहित अनेक सदस्यों एवं सहयोगियों मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, जावेद प्लंबर, आदिल भाटी ने सेवाएं प्रदान कीं। माहेश्वरी सेवा सदन के महावीर शर्मा, पवन शर्मा, विकास व टीम ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। विजयपाल ने विधिक जागरूकता सत्र के माध्यम से उपस्थित लोगों को उपयोगी जानकारी प्रदान की।

## पदोन्नति पर आशिता चौधरी का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शहीद रामेश्वर सिंह राउमावि, तेतरा में बुधवार को शिक्षक आशिता चौधरी का माला, साफा पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। ज्ञात रहे आशिता चौधरी का गणित द्वितीय श्रेणी टीचर से व्याख्याता भूगोल के पद पर प्रमोशन होने के उपलक्ष में यह सम्मान समारोह प्रधानाचार्या राजबाला दूलड़ की अध्यक्षता में हुआ। उपस्थित स्टाफ व ग्रामीणों ने आशिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम में रामकरण दूलड़ विश्वनाथ शर्मा, उत्तमकुमार सैन, वीरेन्द्र कुमार, इन्दिरा बुड़ानिया, अमरचन्द डुडी, प्रदीप कुमार, केपीसिंह आदि उपस्थित रहे।

## मूर्ति अनावरण समारोह में पहुंचे सैंकड़ों कार्यकर्ता



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू में आयोजित लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह के मूर्ति अनावरण समारोह और पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सुजानगढ़ से बडी संख्या में कार्यकर्ता बसों से रवाना हुए। स्थानीय शास्त्री प्याउ के पास से भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप के नेतृत्व में अनेक बसों में भरकर कार्यकर्ता चूरू के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, राजेंद्र राठौड़, बाबूलाल कुलदीप जिन्दाबाद के नारे भी लगाए। वहीं भाजपा नेता पुरूषोतम शर्मा, सम्पत पथानिया, वीरेद्र गहलोत, रणवीर सिंह राणा सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग चूरू के लिए रवाना हुए।

## थार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत शाम को गनोडा-सारोठिया रोड पर थार और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गयी। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल मुकेश, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। मृतक की पहचान अमित लाखन पुत्र तेजपाल लाखन उम्र 21 वर्ष, निवासी वाल्मिकी बस्ती, सुजानगढ़ के रुप मे हुई। पुलिस ने थार गाड़ी को जब्त कर लिया है, गाड़ी किसी शादी समारोह में जा रही थी। पुलिस को दी रिपोर्ट में तेजपाल ने बताया है कि मेरा पुत्र ओरिक मोटर्स में सफाई कर्मचारी का काम करता था। लेकिन कंपनी का हेड सोहननाथ दबाव बनाकर उससे बिना किसी वैद्य लाईसेंस के ही किश्त कलेक्शन का काम आस-पास के गांवो में करवाता था। उसने लर्निंग लाइसेंस भी बनवाकर दिया, जबकि मूल लाईसेंस बनने से पहले ही बाइक देकर कलेक्शन का कार्य करवाया, जिसके कारण मेरे पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गौ सेवा कर मनाई पुण्यतिथि

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित कामधेनू गौशाला में बुधवार को निर्मला देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने गौ सेवा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ओमप्रकाश कुलहरि, पुत्र राजेश कुलहरि, पौत्र कार्तिक, पौत्रवधु दीपशिखा, पौत्री शालिनी व सुरेश सहित परिवारजनों ने गोवंश को गुड़ खिलाया तथा चारे-पानी की व्यवस्था के लिए 11 हजार रुपए की नगद राशि भेंट की। परिवारजनों ने गोमाता का आशीर्वाद लेते हुए पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गौशाला समिति के रविंद्र शर्मा ने परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय निर्मला देवी की आत्मा को प्रभु चरणों में स्थान मिलने की कामना की।

## बार काउंसिल का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

तारानगर(निस)। बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव तारानगर बूथ पर शांतिपूर्ण संपन्न हुए। अतिरिक्त मतदान अधिकारी विकास सिहाग ने बताया कि कुल 152 मतदाताओं में से 133 अधिवक्ताओं ने अपने मतदान का उपयोग किया। वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहारण ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने पर समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने पर आभार व्यक्त किया। 87.5 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ।

## आच्छापुर स्कूल में वाटर कूलर का लोकार्पण, मोहता परिवार की शीतल जल योजना जारी

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** तहसील के गांव आच्छापुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह एवं समाजसेवी श्री वर्धन मोहता के सौजन्य से 'श्रीमती कमला देवी मोहता शीतल जल योजना' के तहत वाटर कूलर का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बद्री प्रसाद खीचड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि मोहता ग्रुप के सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट गायत्री पूनिया, मोहता के निजी सचिव मनीष डोरवाल एवं शिव नारायण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि मोहता परिवार द्वारा इस भीषण गर्मी में यह चौथा वाटर कूलर स्थापित किया गया है, जबकि राजगढ़ तहसील क्षेत्र में अब तक कुल 34 वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं, जिससे आमजन को ठंडे पेयजल की सुविधा मिल रही है। संस्था प्रधान नरेश पुनिया ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में इस वाटर कूलर से विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी और हर घूंट के साथ वे भामाशाह को याद करेंगे। वहीं एडवोकेट गायत्री पूनिया ने बताया कि मोहता ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, बेटियों की शिक्षा, गरीबों को दवाइयों की सहायता एवं वृद्ध महिलाओं को नगद सहयोग जैसे अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नरेश सांगवान, शकुंतला पुनिया, तुलसीराम, भीमाराम, बलबीर, सुरेंद्र, धर्माराम, राजवीर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन सतीश जांगिड़ ने किया।

## सदीनसर में आस्था का महाकुंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव सदीनसर में बुधवार को राठौड़ों की कुलदेवी श्री मातेश्वरी नागणेच्या राय एवं इष्टदेवी करणी माता के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ पर भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भव्य कलश यात्रा के साथ पूरे गांव में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा और वातावरण जयकारों से गूंजायमान हो गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पीले व लाल परिधानों में सुसज्जित होकर सिर पर मंगल कलश धारण किए गाजे-बाजे के साथ निकलीं। यात्रा के दौरान 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार सजाकर पुष्प वर्षा से यात्रा का भव्य स्वागत किया।

### देशनोक के पुजारियों के सानिध्य में हुआ आयोजन

विश्व प्रसिद्ध देशनोक करणी माता मंदिर से पधारे पुजारियों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच कलश स्थापना की गई, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। नगाड़ों की गूंज और मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह श्रद्धामय हो गया।

### आज निकलेगी नगर परिक्रमा व शोभायात्राः

श्री करणी सेवा समिति के अनुसार महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर 3:15 बजे नगर परिक्रमा व भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सजी-धजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं रात्रि 9:15 बजे से विशाल



भजन संध्या व जागरण का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे।

### 24 अप्रैल को होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का मुख्य आयोजन

महोत्सव के अंतिम दिन 24 अप्रैल को अभिजीत मुहूर्त में देशनोक के पुजारियों द्वारा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी अवसर पर नवनिर्मित विश्राम गृह व जल मंदिर का लोकार्पण तथा विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं करणी सेवा समिति के सदस्यों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूरा गांव भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

## मंडावा में पृथ्वी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिए जल संरक्षण के संदेश

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तहत सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर मंडावा में पृथ्वी दिवस एवं जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला (ड्रॉइंग) प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ 3 राज नेवल यूनिट एनसीसी, जयपुर के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में करीब 120 विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के संदेश अपने चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका आर्ट टीचर काजल कंवर ने निभाई। विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए पोस्टर उनकी रचनात्मकता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को दर्शाते नजर आए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि 'जल ही जीवन है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।' कैप रूडीप के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध जल स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं, इसलिए जल संरक्षण भविष्य की आवश्यकता है। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए पृथ्वी संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की महत्ता बताई। एनसीसी सीटीओ गोविंद सोनी ने कहा कि अनुशासन के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी एनसीसी का उद्देश्य है और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका अहम है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना का विकास करना रहा। कार्यक्रम में सीएमएससी के योगेश आत्रेय, एसओटी सदस्य संदीप स्वामी सहित विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## 24 अप्रैल को होगी ब्लैक आउट ड्रील

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** नागरिक सुरक्षा तैयारियों को संस्थागत रूप देने के लिए जिला मुख्यालय पर 24 अप्रैल को जिला प्रशासन की ओर से हवाई हमले के विषय पर मॉक अभ्यास किया जाएगा। उक्त अभ्यास के दौरान जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर सायरन की आवाज सुनाई देगी। तथा रात्रिकाल समय 10 से 10:15 बजे तक जिला मुख्यालय पर ब्लैक आउट किया जाएगा। नागरिक सुरक्षा विभाग झुन्झुनू के नियन्त्रक (जिला कलक्टर ) डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि उक्त मॉक अभ्यास के दौरान आमजन पैनिक नही हो व जिला मुख्यालय पर निवासरत समस्त नागरिक 24 अप्रैल को रात्रिकाल समय 10 से 10:15 बजे तक अपने घरों की समस्त लाईट व अन्य रोशनी उपकरण बन्द करके ब्लैक आउट ड्रील को सफल बनाए।

## जिला अध्यक्ष हर्षनी कुलहरी और पूर्व सांसद अहलावत ने गिनाईं अधिनियम की खूबियां

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026' को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया। पूर्व सांसद संतोष अहलावत और भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षनी कुलहरी ने केंद्र सरकार के इस कदम को महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर बताया, वहीं विपक्षी दलों पर इस बिल के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने का कड़ा आरोप लगाया। दोनों नेता सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर रही थीं। पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इस ऐतिहासिक बिल का पारित न हो पाना विपक्षी दलों की नकारात्मक राजनीति का परिणाम है। यह बिल केवल महिलाओं को आरक्षण देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी दल केवल राजनीति के चलते इसमें अड़ंगे लगा रहे हैं। जनता इनकी इस जनविरोधी मानसिकता को देख रही है। अहलावत ने कहा कि भाजपा महिला शक्ति को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और विपक्ष के किसी भी विरोध से पीछे नहीं हटेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षनी कुलहरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की आवाज को और बुलंद करता। ?कुलहरी ने कहा कि भाजपा संगठन की प्रत्येक महिला कार्यकर्ता इस संदेश को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में महिलाएं न केवल घर, बल्कि देश की नीति निर्धारण में भी अग्रणी भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर अरुणा सिहाग (प्रदेश महामंत्री, महिला मोर्चा), किरण चौधरी, लोकेश मील, रवि लाम्बा, नगर महामंत्री, दीपक स्वामी (ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष), ललित जोशी (जिला मीडिया प्रभारी) आदि मौजूद रहे।

## मण्डावा में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट श्री महाजन पंचायत - भवन, मण्डावा में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 23 अप्रेल से 30 अप्रेल तक किया जाएगा और कथा का समय दोपहर एक से शाम पांच बजे तक का होगा। इसके साथ ही 7 दिवसीय रूद्राभिषेक नर्मदे शिवलिंग सुबह सात से 11 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार सिंघानिया ने बताया कि भागवत आचार्या श्री धाम वृंदावन रजनीश्वरी मिश्रा की ओर से कथा का वाचन किया जाएगा। 23 अप्रेल को माता माई के मन्दिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी।

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: -01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2026 / 207 दिनांक :- 18.4.26

**-: निविदा आमन्त्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं /अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस / समय में और वैवसाईट sppp. rajasthan. gov.in पर देखने / डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत प्रसुताओं को दिये जाने वाले निःशुल्क भोजन हेतु | 40.00 लाख | 28-04-2026 | MHS2627G LRC 00323 |

सदस्य सचिव(RMRS)
DIPR/C/7192/2026 राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

## अन्नपूर्णा रसोई तीन माह से बंद, गरीबों को भोजन संकट

**पाटन(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव जीलो में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अन्नपूर्णा रसोई योजना पिछले करीब तीन महीनों से बंद पड़ी है, जिससे गरीब, मजदूर और जरूरतमंद लोगों को सस्ती दर पर भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। योजना के ठप होने से दैनिक रूप से भोजन पर निर्भर रहने वाले लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह रसोई अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत संचालित की जाती थी और इसका संचालन राजीविका के माध्यम से किया जाता था। स्थानीय स्तर पर इसकी देखरेख पंचायत समिति विकास अधिकारी द्वारा की जाती थी तथा इसमें सहयोग रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, रसोई बंद होने से क्षेत्र के गरीब तबके को कम दर पर भोजन मिलने की सुविधा पूरी तरह समाप्त हो गई है। पहले जहां लोगों को सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध हो जाता था, वहीं अब उन्हें भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सबसे अधिक असर मजदूर वर्ग और राहगीरों पर पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अन्नपूर्णा रसोई को शीघ्र पुनः शुरू किया जाए, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि यह योजना गरीबों के लिए बड़ी सहायक थी, लेकिन इसके लंबे समय से बंद रहने से मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

**Office Gram Panchayat Mawanda Kala, P.S. Neem Ka Thana (Sikar)**

Sr. No : 25 Date : 22/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for VB GRAMG (MGNAREGA) and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material & Providing Equipment for F.Y. 2026-27 Gram Panchayat Mawanda Kala, P.S. Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 23.04.2026, 09:00 AM to 02.05.2026 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 50,00,000/-.
UBN No. - PIQ2627GLRC00034.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मावण्डा कलां
पं.स. नीमकाथाना (सीकर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत मावण्डा कलां
पं.स. नीमकाथाना (सीकर)

## बंद मकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** निहालगंज थाना क्षेत्र की अशोक बिहार कॉलोनी में देर रात एक बंद मकान में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे के समय मकान मालिक अशोक शर्मा अपने परिवार सहित शादी समारोह में गए हुए थे, जिससे घर खाली था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात में मकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। आग की चपेट में आकर फर्नीचर, टीवी, फ्रिज, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित घर में रखी नकदी भी जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है, वहीं नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है।

## धौलपुर में एनटीईपी समीक्षा बैठक, टीबी उन्मूलन को लेकर सख्त निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉ. शिखा गुप्ता एवं डीटीओ डॉ. गोविंद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 100 दिवसीय अभियान के तहत प्रमुख इंडिकेटर्स की समीक्षा कर कमजोर प्रदर्शन करने वाली टीबी यूनिट्स को 5 दिनों में निक्षय पोर्टल पर लंबित एंट्री पूरी करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने हाई-रिस्क गांवों में व्यापक स्क्रीनिंग, हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच और प्रत्येक गांव में न्यूनतम 100 एक्स-रे करने का लक्ष्य तय किया। साथ ही लक्षण युक्त व्यक्तियों के एनएएटी टेस्ट, निक्षय मित्र के माध्यम से फूड बास्केट वितरण, टीपीटी उपचार एवं निक्षय पोषण योजना का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी संबंधित कार्मिक मौजूद रहे और अधिकारियों ने टीबी उन्मूलन अभियान को लक्ष्य के अनुरूप सफल बनाने का आह्वान किया।

## मालवीय बने कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी प्रकोष्ठ) के चेयरमैन हरसहाय यादव के निर्देश पर भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी (ओबीसी प्रकोष्ठ) की जिला कार्यकारिणी व ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के तहत बिजौलियां कस्बा निवसी संजय कुमार मालवीय को बिजौलिया ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया।मालवीय ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा से दायित्व निर्वहन का भरोसा दिलाया।



## ऑपरेशन गरिमाः बाड़ी पुलिस ने स्कूल पहुंच छात्र-छात्राओं को किया जागरूक




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन गरिमा' अभियान के तहत बुधवार को बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस ने सीताराम शिक्षा सदन सेकेंडरी स्कूल, बाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बालिकाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबरों व आधिकारिक संपर्क माध्यमों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अवांछनीय गतिविधि को सहन न करें और तुरंत अपने परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को इसकी सूचना दें। साथ ही उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों, सावधानियों और कानूनी अधिकारों के बारे में भी समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बताया कि 'ऑपरेशन गरिमा' का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करना है। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जागरूकता संदेश को आत्मसात किया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर जालोर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, सीईओ नंदकिशोर राजोरा ने किया पौधारोपण

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरे मंदिर रोड जालोर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सीईओ नंदकिशोर राजोरा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करने चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति




एकाग्रचित होकर मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सायला नाका प्रभारी ईश्वर सिंह राव ने किया। कार्यक्रम में आदर्श शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रेमसिंह, नगर विकास निदेशक अजय कुमार गुप्ता, सहायक वन संरक्षक भंवर सिंह सोढ़ा, भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी भरत गोयल, प्रधानाचार्या मंजू परमार, प्रधानाचार्य नितिन ठाकुर, क्षेत्रीय वन अधिकारी भागीरथ सिंह, रेंजर प्रवीण सिंह देवड़ा सहित विद्यालय स्टाफ, मातृशक्ति एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**प्रभात फेरी से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेशः**

विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रातःकाल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसे सहायक वन संरक्षक भंवर सिंह सोढ़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी में शामिल छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक पौधारोपण का संदेश दिया।

**चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मानः**

विद्यालय में सह-शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत वन विभाग की ओर से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान कल्याण सिंह, सुंदर चंपावत, वनपाल चंद्रावती, रुपाराम, मुकेश शर्मा, वनपाल रज्जाक खान, सहायक गुलाब खान, शारदा मंडा, निरमा कुमारी, किशोर कुमार, मधु कुमारी, भंवरलाल एवं वन संरक्षक बाबू सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खरीफ की तैयारी को लेकर कृषि विभाग सक्रिय, उर्वरक प्रबंधन व गुणवत्ता पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** खरीफ 2026 सीजन की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार प्रभु दयाल शर्मा ने की। कार्यशाला में पंचायत समिति सरमथुरा व बाड़ी क्षेत्र के सभी खाद विक्रेता, सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षकों सहित बड़ी संख्या में कृषि कार्मिकों और डीलर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को गुणवत्ता युक्त कृषि खाद समय पर और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए विभागीय कार्मिकों एवं डीलर्स के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया गया। साथ ही, खाद वितरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े सभी नियमों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षेत्र का उत्पादन प्लान तैयार कर कृषि खाद की आवश्यकता का आकलन करते हुए संबंधित जीएसएस को समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यशाला में डीलर्स को डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी, यूरिया एवं एनपीके उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर फसलवार उर्वरक अनुशंसा (पीओपी) के बैनर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया,



जिससे किसानों को सही मार्गदर्शन मिल सके। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से अधिकारियों ने जैविक एवं पारंपरिक विकल्पों जैसे गोबर खाद, हरी खाद, सुपर कंपोस्ट, जीवामृत, बीजामृत व घन अमृत के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। किसानों को इन विधियों के प्रति जागरूक करने के लिए स्टाफ और डीलर्स को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से न केवल लागत में कमी आएगी, बल्कि उत्पादन और मुनाफे में वृद्धि होगी तथा मृदा की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण में भी सुधार होगा। कार्यशाला के दौरान इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा कर प्रतिभागियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया

## 447 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बार कौंसिल ऑफ़ राजस्थान प्रातः 8:00 बजे अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राकेश गोयल के मुख्य अतीत में प्रारंभ हुआ। चुनाव अधिकारी पप्पू सिंह गुर्जर ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश गोयल की ओर से मत पेटियों पर सील लगाकर मतदान प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निर्वाचन कमेटी की ओर से अपर जिला व सत्र न्यायाधीश का साफा पहनकर सम्मान किया गया उन्होंने कहा कि बार काउंसिल आफ राजस्थान चुनाव में सभी अधिवक्ता मतदाता अपने मत का प्रयोग करें तथा लोकतांत्रिक रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं। चुनाव अधिकारी पप्पू सिंह गुर्जर ने बताया कि 567 अधिवक्ताओं में से 447 अधिवक्ताओं ने सायं 5 बजे तक अपने मत का प्रयोग किया । चुनाव शांतिपूर्ण रहा और अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक में आस्था रखते हुए अपने मत का उपयोग किया और अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वरीयता के आधार पर मतदान किया। मतदान के दौरान सीनियर अधिवक्ताओं व महिला अधिवक्ताओं के लिए मतदान




के लिए मतदान की विशेष व्यवस्था की गई। मतदान के दौरान नव विवाहित अधिवक्ता आकाश लहरी ने भी अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के बाद मत पेटियों को जिला न्यायालय के विशेष रूम में विशेष सुरक्षा में रखा गया है। धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने कहा कि चुनाव समिति द्वारा चुनाव बेहतर तरीके से और पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया है इसके लिए उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, चुनाव अधिकारी पप्पू सिंह गुर्जर सहायक अधिकारी मुकेश बंसल, मनीष महे, कोर्ट मैनेजर बृजेश शर्मा,विवेक शर्मा, ऋषि शर्मा व कृष्ण झा मुख रूप से उपस्थित रहे।

## गोस्वामी समाज ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती मनाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में दशनाम गोस्वामी विकास समिति की ओर से आदि गुरु शंकराचार्य जयंती गोस्वामी समाज छात्रावास में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, शिक्षाविद और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी केदार गिरी गोस्वामी थे, जबकि अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रामबाबू गोस्वामी ने की। प्रेमागिरी गोस्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि गुरु शंकराचार्य की विधिवत पूजा-अर्चना और श्रीराम गोस्वामी के भजनों से हुआ। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सक गोपाल वन ने आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन और सनातन धर्म की रक्षा में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। समिति अध्यक्ष सुरेश गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करना था। इस अवसर पर रामप्रसाद गोस्वामी को मृत्यु भोज की रोकथाम, जीतेंद्र गोस्वामी को दहेज निषेध व विधवा विवाह प्रोत्साहन, मनोज गोस्वामी को समाज सेवा तथा दीपक गिरी को स्काउट में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, बोर्ड परीक्षा 2026 में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी



छात्र-छात्राओं—आदित्यगिरी, ऋषभ गोस्वामी, खुशबू, अजय गोस्वामी, रुपेश, बृजेश गोस्वामी, आदित्य गोस्वामी, सोनी, अंशुल गिरी और शिवानी—को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज से कुरीतियों को त्यागने और शिक्षा को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए अभिभावकों से बेटियों को विद्यालय भेजने की अपील की। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश गोस्वामी ने गुरु दत्तात्रेय छात्रवृत्ति योजना सहित शिक्षा प्रोत्साहन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में समाज के कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश गोस्वामी ने किया।

## जुआरियों पर बड़ी कार्रवाई, 11 गिरफ्तार; 47,600 रुपए व 5 बाइक जब्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 47 हजार 600 रुपए नकद, ताश के पत्ते और पांच मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा और वृताधिकारी कृष्णराज जांगिड के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। सदर थानाधिकारी महेश मीणा के नेतृत्व में डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी व टीम को सूचना मिली थी कि जाटोली के पास महेंद्र के अड्डे पर संगठित रूप से जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके से शिवराम, रामवीर, पप्पू, मोहन सिंह, राकेश उर्फ लुक्का, ज्ञानसिंह, बनवारी, भारत, राजवीर, उदय सिंह और माखन को ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आरपीजीओ व बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध जुआ गतिविधियों पर अंकुश लगाने का संदेश गया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बसई, पंचायत समिति कोटपूतली, जिला कोटपूतली - बहरोड**

क्रमांक / ग्रा.प.ब. / ई-टेण्डर / 2026-27/06 दिनांकः 22.04.2026

**ई - निविदा सूचना 01/2026-27**

पंचायत समिति कोटपूतली के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बसई में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. PFE2627A0005
UBN No. - PFE2627WSOB00005

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत बसई**
**पं.स.कोटपूतली (कोटपूतली- बहरोड)**



**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2026-27/ 911-18 Date:22.04.2026

**ई - निविदा सूचना संख्या 036/2026-27**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू0) |
|---|---|
| Additional Electrical work in Saminar Hall, Meeting Hall, Class Room for Integrated College of Ayurved, Yoga Naturopathy at Kota.UBN-RRC2627WSOB00053 | 45.40 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http// eproc. rajasthan. gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http// pwd. rajasthan. gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http// eproc. rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**


## धौलपुर रोजगार मेले में वायुसेना की पहल, अग्निवीर भर्ती को लेकर युवाओं में बढ़ा उत्साह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में आयोजित युवा संबल रोजगार मेले में भारतीय वायु सेना भर्ती टीम की सक्रिय भागीदारी ने युवाओं को खासा आकर्षित किया। जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में वायुसेना ने न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि युवाओं को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित भी किया। मेले में भारतीय वायुसेना द्वारा विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां नंबर 5 वायुसैनिक चयन केन्द्र, जोधपुर से आए अधिकारियों ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। चयन केंद्र की कमान अधिकारी विंग कमांडर नैनसी माहेश्वरी के निर्देशन में टीम ने युवाओं को केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी और वायुसेना में भर्ती की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। सार्जेंट हरीप्रसाद बी.एस. एवं भगोरन सिंह ने उपस्थित अभ्यर्थियों को अग्निवीर और अधिकारी पदों पर भर्ती के मापदंड, चयन प्रक्रिया एवं तैयारी के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं को बताया कि किस प्रकार अनुशासन, मेहनत




और सही दिशा में प्रयास कर वे भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकते हैं। अधिकारियों ने यह महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की कि अग्निवीर भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा को 21 वर्ष से बढ़ाकर 22 वर्ष कर दिया गया है। साथ ही, 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण (अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य) अभ्यर्थी भर्ती पोर्टल पर जाकर आवेदन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मेले में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वायुसेना से जुड़ने को लेकर गहरी रुचि दिखाई। स्टॉल पर आए विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी मौके पर ही किया गया, जिससे उन्हें अपने करियर को लेकर स्पष्ट दिशा मिली।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल फुलेरा ( जिला) जयपुर**

क्रमांक :-न.पा.फु/2025-26 /1010 दिनांकः- 22/4/26

**आपत्ति सूचना**

एतद्वारा हितबद्ध व्यक्ति विषेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा आवासीय पट्टा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | मुल पट्टा धारक का नाम | प्रस्तावित भूखण्ड | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विकास यादव पुत्र श्री चिमन लाल यादव | श्री प्रेम कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा | आवासीय भूखण्ड न. 25 वेस्ट पार्ट वाके गणेश विहार फेज - प्रथम फुलेरा | 98.75 | उपविभाजन/ आवासीय पट्टा |
| 2 | बानो पत्नि कबूल अहमद | प्लाट नं. 11-ए वाके लाल बहादुर शास्त्री कोलोनी फुलेरा | श्री परमदेव पुत्र श्री गोविन्द स्वरूप सक्सैना | 98.75 | लिज फ्री होल्ड आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपति हो तो आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
23 अप्रेल, 2026

## बीमा क्लेम घोटाले को लेकर सीबीआई ने की पूछताछ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बीमा क्लेम घोटाले के एक मामले में जोधपुर से आई सीबीआई की टीम ने मंगलवार को सुजानगढ़ के नया बास में एक मकान पर रेड कर आरोपी से पूछताछ की। शहर का प्रतीक चोटिया सीकर स्थित न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के डिविजनल ऑफिस सीकर में हुए बड़े बीमा क्लेम घोटाले का आरोपी है। मामले को लेकर सीबीआई टीम ने प्रतीक चोटिया से पूरे दिन पूछताछ की। सीबीआई की टीम वहां मिले दस्तावेजों को सील कर अपने साथ ले गई। टीम ने उप अधीक्षक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच जयपुर को मिली शिकायत के आधार पर करीब 27.68 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। सीकर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत से 13 मोटर वाहन बीमा क्लेम नियमों के विपरीत पास किए जाने के आरोप लगे थे। सीबीआई अब अब पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## भाकरी गांव पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष, ज्योतिषाचार्य गौरीशंकर शास्त्री का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विराटनगर तहसील के भाकरी गांव पहुंचकर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. गौरीशंकर शास्त्री से मुलाकात की। इस दौरान देवनानी ने डॉ. शास्त्री का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. गौरीशंकर शास्त्री द्वारा ज्योतिष विद्या के माध्यम से आमजन की समस्याओं को निःशुल्क सुनकर उनका समाधान करना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि डॉ. शास्त्री की भविष्यवाणियां सटीक होती हैं और समाज में उनकी विशेष पहचान है। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न सामाजिक और जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा भी हुई। इस मौके पर गोविंद भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर संवाद किया।

## राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने की विभाग के काम-काज की समीक्षा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत ने बुधवार को अजमेर प्रवास के दौरान राजस्व मंडल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अंतर्गत विविध लोक महत्व के दायित्वों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सभी स्तर से और अधिक मुस्तैदी एवं समन्वय से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने राजस्व संबंधी सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर उपयोगी सुझाव भेजने के निर्देश प्रदान करते हुए अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों के कार्य निष्पादन में गुणात्मक सुधार के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग एवं फॉलो अप की भी आवश्यकता प्रतिपादित की। निबंधक महावीर प्रसाद ने राजस्व मंडल के प्रशासनिक दायित्व एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की । इस अवसर पर अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमंत स्वरूप माथुर, उपनिबंधक रविंद्र कुमार, उपनिबंधक सुनीता यादव, वित्तीय सलाहकार सोहन सिंह, सांख्यिकी निदेशक बीना वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत ने बुधवार पूर्वाह्न राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (आरआरटीआई) का निरीक्षण किया एवं वहां प्रशिक्षण व शोध संबंधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने आरआरटीआई एवं इसके अधीन राज्य भर में चल रहे पटवार प्रशिक्षण विद्यालयों की सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया । उन्होंने आरआरटीआई में आरटीएस के साथ - साथ रीडर्स तथा अन्य राजस्व कार्मिकों के भी प्रशिक्षण आयोजित किए जाने एवं वहां नवीनतम शोध सामग्री की उपलब्धता एवं तकनीकी संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने आरआरटीआई के आवासीय परिसर व पुस्तकालय आदि का अवलोकन करते हुए विविध नवाचार, रिफ्रेशर कोर्सेज, शोध विशेषज्ञों की सेवाओं एवं नवीनतम साहित्य की उपलब्धता के प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश प्रदान किये।

# तारानगर मंडी में किसानों का हंगामा: 'बिना पैसे नहीं हो रही तुलवाई', भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

### अन्नदाता सड़कों पर, चने से भरे वाहन दिनों तक कतार में खड़े; ठेकेदार और दलालों पर वसूली के आरोप

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** क्षेत्र की क्रय-विक्रय सहकारी समिति और मंडी व्यवस्था को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। किसानों ने आरोप लगाया है कि मंडी में उनके साथ घोर अन्याय हो रहा है और बिना अवैध वसूली के अनाज की तुलवाई नहीं की जा रही। किसानों के अनुसार, चने से भरे उनके वाहन कई-कई दिनों तक सड़कों पर लाइन में खड़े रहते हैं। जो किसान पैसे देने से इनकार करते हैं, उनके अनाज की तुलवाई जानबूझकर टाल दी जाती है। किसानों का कहना है कि समिति का पूरा काम ठेकेदार के भरोसे चल रहा है और ठेकेदार ने दलालों के माध्यम से अवैध वसूली का तंत्र बना रखा है।

### 'सरकारी बारदाने का निजी उपयोग' का आरोप:

किसानों ने मंडी में बड़े स्तर पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि निजी दुकानों में सरकारी बारदाने में अनाज की पैकिंग की जा रही है। मंगलवार रात किसानों ने राहुल ट्रेडिंग कंपनी नामक एक निजी दुकान पर पलदारों को सरकारी बारदाने में चना पैक करते हुए पकड़ लिया। विरोध करने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। किसानों का आरोप है कि संबंधित लोगों ने उनके ऊपर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया और मौके से भागने लगे। हालांकि किसानों ने पीछा कर मंडी के बाहर कुछ दूरी पर वाहन को रुकवा लिया।

### 'पैसा देने वालों को प्राथमिकता:

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जो किसान पैसे देते हैं, उनके अनाज की तुलवाई देर रात तक की जाती है, जबकि अन्य किसानों को लगातार इंतजार करवाया जाता है।

### प्रशासन पर साधा निशाना

आक्रोशित किसानों ने प्रशासन पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन 'कुंभकर्ण की नींद' सो रहा है, जो बेहद शर्मनाक है।

### आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का हल्ला बोल



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** प्रदेश के विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) ने ऊर्जा विभाग को ज्ञापन सौंपकर निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने सहित लंबित मांगों के समाधान की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि मांगें नहीं मानी गईं तो 6 मई से चरणबद्ध आंदोलन शुरू होगा तथा 10 जून को जयपुर स्थित विद्युत भवन पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार विभिन्न नामों से विद्युत निगमों के निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। विशेष रूप से जोधपुर डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने के प्रयासों का विरोध करते हुए कहा कि इससे हजारों कर्मचारियों के भविष्य पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में 12 अगस्त 2025 को ऊर्जा मंत्री व शासन सचिव की मौजूदगी में हुई बैठक में मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके अलावा 26 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजित श्रमिक आक्रोश रैली में भी ज्ञापन दिया गया था, पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। संघ ने विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 वापस लेने, निजीकरण पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने, ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित भर्ती करने, तकनीकी कर्मचारियों को पदोन्नति व वेतन लाभ देने, आरजीएचएस योजना का विस्तार, पेंशन-ग्रेच्युटी व मेडिकल फंड में समय पर अंशदान, जोखिम भत्ता सहित कई मांगें रखी हैं। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन व सामाजिक सुरक्षा देने की मांग भी शामिल है।

संघ के अनुसार 6 मई को जिला व वृत्त स्तर पर धरना-प्रदर्शन, 20 मई को डिस्कॉम मुख्यालयों पर प्रदर्शन और 10 जून को जयपुर के विद्युत भवन पर बड़ा घेराव किया जाएगा।संघ ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन होगा, जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता: गौड़

## पर्यावरण संरक्षण की विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ एवं एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में पृथ्वी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें रंग भरो प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता और पृथ्वी दिवस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने व प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। विद्यापीठ परिवार की ओर से पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों के लिए पौधे गोद लेने का अभियान प्रारंभ किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने आस पास में पेड़ पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य भरत गौड़ में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज मानव सभ्यता की आवश्यकता बन गया है। अतः हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर आलोक सिंह, दीपक सेन, सुनील भोजक, जितेंद्र स्वामी ने आयोजकीय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन आनंद मीणा ने किया।

## निराश्रित बच्चों के साथ भोजन कर मनाया राजेंद्र राठौड़ का जन्मदिन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कद्दावर भाजपा नेता व विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष में मानव सेवा संस्थान पहुंचकर बीदासर की निवर्तमान प्रधान व भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने निराश्रित व साधन विहीन बच्चों के साथ भोजन कर प्रेरणास्पद संदेश दिया। इस अवसर पर संतोष मेघवाल ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि ऐसा अवसर मुझे मिला है। उन्होंने बच्चों को लगन के साथ पढ़ाई कर सफलता पाने का संदेश दिया। संस्थान समन्वयक माणकचंद सराफ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बुद्धि प्रकाश सोनी, निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक, मुरारी खंडेलवाल, सौरभ पारीक, वासु भोजक, शिव भगवान चौहान, महावीर सैन, कपिल देव माटा, वार्डन उम्मेद सिंह व मंगलाराम उपस्थित रहे। इसी प्रकार वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में सुजानगढ़ विधानसभा रही प्रत्याशी संतोष मेघवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनाना हॉस्पिटल में फल फ्रूट वितरण किया। गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। कार्यक्रम महावीर सेन, दीनदयाल पारीक, मनोज पारीक, गणेश मंडावरिया, शर्मिला सोनी, रिछपाल बिजारणियां, रेवंत पंवार, पंकज घासोलिया, भंवरलाल बिजारणियां, सुमन सामरिया, गायत्री प्रजापत, सुरेंद्र सिंह, मुरारी गोवला, अमरचंद नाई, सीताराम माली, प्रेम स्वामी, गंगाधर लाखन, प्रेम सिंह पंवार, गिरधारीलाल बुगालिया, गोरधन तंवर, शिव भगवान चौहान, सुरेश शर्मा, महावीर सिंह परावा, दीपचंद सांडेला, किशनलाल कटारिया, जगदीश प्रजापत, सौरभ पारीक, विजय सिंह, हनुमान प्रसाद शर्मा, वाशु भोजक शंकरलाल नाई आदि मौजूद रहे।

## श्रीगंगानगर में निरीक्षण में खामियां मिलने पर शिक्षा मंत्री ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने श्रीगंगानगर दौरे के दौरान बुधवार को स्कूलों के निरीक्षण में पाई गई खामियों पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। विभागीय अधिकारी एवं शिक्षक अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाएं। जिले की श्रीविजयनगर पंचायत समिति में श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के अधिकारियों की बैठक में शिक्षा मंत्री ने 27 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित प्रवेश उत्सव की समीक्षा करते हुए नामांकन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक आयोजन से उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि वास्तविक प्रयासों के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों से जोड़ना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांकन बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन निजी स्कूलों से बेहतर रहने पर मंत्री ने शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सराहनीय है, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। मंत्री ने पीटीएम को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अभिभावकों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षक स्कूल समय के बाद कुछ समय गांव में रुककर स्थानीय लोगों से जुड़ाव बढ़ाएं, जिससे ग्रामीणों का विश्वास सरकारी स्कूलों के प्रति मजबूत होगा और नामांकन में वृद्धि होगी। बीएलओ कार्य को लेकर भी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिक्षक स्कूल समय में पूर्णतः शैक्षणिक कार्यों पर ध्यान दें तथा बीएलओ का कार्य स्कूल समय के बाद ही करें। साथ ही, बीएलओ की ड्यूटी मुख्यालय पर पदस्थ शिक्षकों को ही देने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित न हो। शिक्षा मंत्री ने संयुक्त निदेशक बीकानेर को निर्देश दिए कि जिले में डेपुटेशन पर कार्यरत शिक्षा विभाग के कार्मिकों की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यकतानुसार कार्मिकों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

## आरएसजीएल द्वारा कोटा में 70 हजार परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ने की आधारभूत संरचना विकसित, प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शनों पर जोर

**जयपुर(कास.)** कोटा कलेक्टर पीयूष समरिया ने कहा है कि कोटा के जिन-जिन क्षेत्रों में राजस्थान स्टेट गैस द्वारा पाइपलाइन से घरेलू गैस सुविधा के लिए आधारभूत सुविधा विकसित कर ली गई है उन क्षेत्रों में प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराएं। सरकार द्वारा कालोनियों में डीपीएनजी कनेक्शन जारी कर उन क्षेत्रों को एलपीजी फ्री जोन घोषित करने पर जोर दिया जा रहा हैं। उन्होंने आरएसजीएल से कालोनियों में जागरूकता शिविर आयोजित कर डीपीएनजी कनेक्शन देने, औद्योगिक क्षेत्रों में भी कनेक्शन जारी करने और सीएनजी-पीएनजी सुविधा उपलब्ध कराने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। कोटा कलेक्टर पीयूष समरिया से राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने मुलाकात कर कोटा शहर में आरएसजीएल द्वारा पाइपलाइन बिछाने और सीएनजी स्टेशनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण मुक्त हरित उर्जा को बढ़ावा देने के लिए सस्ती, सुरक्षित और 24 गुणा 7 उपलब्ध घरेलू गैस सुविधा के लिए एलपीजी सिलेण्डरों पर निर्भरता छोड़कर डीपीएनजी सुविधा से जोड़ जाएं।

## चिलचिलाती धूप में पैदल भ्रमण कर शिक्षा मंत्री ने परखी सफाई व्यवस्था

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर बुधवार को श्रीगंगानगर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में गलियों का पैदल भ्रमण किया और भीषण गर्मी के बीच स्वयं सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री मदन दिलावर ने 3 एचएच राजकीय विद्यालय के औचक निरीक्षण के बाद अपनी कार छोड़कर गांव में मौजूद ग्रामीण महिला एवं पुरुषों से संवाद कर पंचायत द्वारा करवाई जा रही सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से सफाई नहीं करवाई जा रही है, जिससे गांव में गंदगी की स्थिति बनी हुई है। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। इसके पश्चात शिक्षा मंत्री पंचायत समिति श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत गणेशगढ़ के गांव 22 एमएल पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय महिलाओं से गांव में झाड़ू लगाने, कचरा संग्रहण एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने जिला परिषद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार कार्मिकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। दौरे के दौरान उन्होंने पंचायत एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरिराम चौहान सहित मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।